RNI N.- BIHBIL/2022/88070
राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र
www. bordernewsmirror.com

# बॉर्डर न्यूज मिरर

“खबरों से समझौता नहीं”



पटना, वर्षः 7 , अंकः27 , बुधवार, 11 मार्च 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8
9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com



सीकरीया फार्मेसी कॉलेज में 'ग्रेजुएशन शिरोमणि 2026' का भव्य आयोजन, प्रथम बी.फार्मा बैच ... 03

16 हजार रुपये रिश्वत लेते मुखिया गिरफ्तार, निगरानी ब्यूरो की कार्रवाई 04

दो जी सिने अवॉर्ड मिलने पर बोलीं अनीत पड्डा, मैंने मेहनत से अपने... 07



## नक्सलियों के गढ़ में सुरक्षाबल के जवानों की मिली बड़ी जीत

● जहां हुआ था 'बीआर दादा' का एनकाउंटर वहां बना कैंप, ग्रामीणों में खुशी



**नारायणपुर (एजेंसी)।** नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षाबल के जवानों को बड़ी सफलता मिली है। नक्सलियों के गढ़ में जवानों ने नए कैंप की स्थापना की है। नए सुरक्षाकैंप की स्थापना से नक्सलवाद की गतिविधियों पर लगाम लगेगी वहीं, फोर्स की आवाजाही भी आसान होगी। नए सुरक्षा कैंप की स्थापना से ग्रामीणों ने खुशी की लहर है। सुरक्षाबल के जवानों ने अबूझमाड़ में नक्सलवाद पर अंतिम प्रहार शुरू कर दिया है। नारायणपुर के बोटेर में सुरक्षा और जन सुविधा कैंप सफलतापूर्वक स्थापित किया है। बोटेर क्षेत्र को नक्सलियों का गढ़ माना जाता है।

यह वही इलाका है जहां सुरक्षाबल के जवानों ने नक्सलियों के टॉप लीडर और संगठन के महासचिव बसवा राजू उर्फ नंबला केशव राव का एनकाउंटर किया था। बसवाराजू की बीआर दादा के नाम से भी जाना जाता था। बसवा राजू के एनकाउंटर के बाद से यह इलाका नक्सलमुक्त माना जा रहा है। यहां कोई बड़ा नक्सली फिलहाल ऐक्टिव नहीं है। बोटेर इलाके में सुरक्षा कैंप की स्थापना से ओरछा से बीजापुर के भैरमगढ़ तक सीधी सड़क कनेक्टिविटी होगी। नारायणपुर में कैंप की स्थापना में नारायणपुर पुलिस, डीआरजी, बस्तर फाइटर्स और सीआरपीएफ की 6 अलग-अलग वाहिनियों ने मुख्य भूमिका निभाई। सुरक्षाबल के अधिकारियों ने कहा कि कैंप स्थापना से वेरकोटी, नीचेवारा और गुंडेकोट जैसे अंदरूनी गांवों में अब शिक्षा, स्वास्थ्य और मोबाइल नेटवर्क पहुंचेगा। इसके साथ ही लोगों का भरोसा बढ़ेगा। इस कैंप की स्थापना से ग्रामीणों में खुशी की लहर है। साल 2026 में यह नारायणपुर में सुरक्षाबल के जवानों द्वारा स्थापित किया गया यह छठवां सुरक्षा कैंप है। यह कैंप थाना ओरछा क्षेत्र के अंतर्गत स्थापित किया गया है और जिला मुख्यालय नारायणपुर से लगभग 90 किलोमीटर है। रणनीतिक रूप से यह क्षेत्र बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है क्योंकि यहां से कई अंदरूनी गांवों तक पहुंच आसान होती है। सुरक्षाबल के अधिकारियों ने कहा कि दशकों से अछूते रहे अबूझमाड़ के इस क्षेत्र में अब नक्सलियों की जगह विकास का शासन होगा, नारायणपुर पुलिस का दावा है कि अबूझमाड़ में माओवादी संगठन अब पूरी तरह से खात्मे के कगार पर है।

संक्षिप्त समाचार

### कोरोना वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स पर मुआवजा दे केन्द्र की सरकार

● सुप्रीम कोर्ट का सख्त आदेश, कहा- जल्द से जल्द बनाएं पॉलिसी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोविड 19 वैक्सीन के दुष्परिणामों के कारण कथित मौतों के मामले में याचिका सुनवाई हुई। याचिका के जरिए मृतकों के लिए मुआवजे की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने टीकाकरण के बाद दुष्प्रभावों की जांच के लिए एक्सपर्ट पैनल के गठन से इनकार कर दिया है। साथ ही शीर्ष न्यायालय ने सरकार को मुआवजा नीति बनाने और टीकाकरण के दुष्प्रभावों से जुड़े आंकड़े समय-समय पर सार्वजनिक करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच सुनवाई कर रही थी। याचिका में कहा गया था कि कोविड 19 वैक्सीन के बाद हुए कथित दुष्प्रभावों के चलते मृतकों के परिवार को मुआवजा दिया जाए। अब अदालत ने इन




याचिकाओं का निपटारा किया और कहा है कि टीकाकरण के बाद होने वाले दुष्प्रभावों की निगरानी के लिए मौजूद व्यवस्था जारी रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मौजूदा व्यवस्था को देखते हुए टीकाकरण के बाद दुष्प्रभावों की जांच के लिए कोर्ट की तरफ से अलग समिति बनाने की जरूरत नहीं है। कोर्ट ने यह भी साफ किया है कि इस फैसले का मतलब यह नहीं है कि कोई व्यक्ति कानून का सहारा नहीं ले सकता है। कोर्ट ने कहा कि मुआवजा नीति बनाने का मतलब यह नहीं माना जाएगा कि भारत सरकार या किसी अन्य अथॉरिटी ने अपनी गलती या कानूनी जिम्मेदारी स्वीकार कर ली है। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिए हैं कि कोविड 19 वैक्सीन लगवाने के बाद गंभीर दुष्परिणामों के लिए मुआवजा नीति बनाई जाए।

### किसान की बेटी की शादी में पहुंचे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी

● शगुन भी सौंपा, नई दुल्हन को गिफ्ट में दिया एलईडी

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मंगलवार को अचानक हरियाणा के गोहाना पहुंचे। वह यहां गांव मदीना में एक किसान संजय की बेटी की शादी में आशीर्वाद देने पहुंचे हैं। यह वही किसान हैं, जिनके खेत में राहुल ने साल 2023 में ट्रैक्टर चलाया था और धान की रोपाई की थी। सुबह करीब सवा 10 बजे राहुल यहां पहुंचे थे। रोहतक सांसद दीपेंद्र हुड्डा समेत कई लोगों ने उनका हरियाणवी पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। जब राहुल शादी वाले घर में जाने लगे तो दरवाजे पर खड़े युवकों ने जोर से कहा-राहुल भाई राम-राम। राहुल हाथ जोड़कर मुस्कुराए



और आगे बढ़ गए। राहुल करीब एक घंटे तक शादी वाले घर में रुके। इस दौरान दूध के साथ चूरमा भी खाया।

**संजय बोले, हमें लगा राहुल भूल गए होंगे-** किसान संजय ने कहा कि 25 फरवरी को बड़े भाई और गांव के सरपंच के साथ दिल्ली में राहुल गांधी को बेटी तनु की शादी का न्योता देकर आए थे। हमें उम्मीद नहीं थी कि राहुल गांधी आएंगे। अचानक उनके आने का कार्यक्रम पता चला। उस वक्त हम शगुन के गीत गा रही थी। सारे मेहमान राहुल को देखकर खुश हो गए। राहुल का पूरा मान-सम्मान किया और हरियाणवी सम्मान का प्रतीक पगड़ी पहनाई। इससे पहले राहुल गांधी 8 जुलाई 2023 को अचानक सुबह मदीना गांव पहुंच गए थे।

## यूसीसी लागू करने का सही समय आ गया है

● सुप्रीम कोर्ट ने रखी राय, कहा-यही एकमात्र समाधान, संसद जल्द करे फैसला ● कहा-शरिया कानून के प्रावधानों से मुस्लिम महिलाओं के साथ हो रहा भेदभाव

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि अब 'समान नागरिक संहिता' लागू करने का समय आ गया है। शीर्ष अदालत ने 1937 के शरिया कानून के प्रावधानों को मुस्लिम महिलाओं के साथ



भेदभावपूर्ण बताते हुए इसे निरस्त करने के अनुरोध वाली याचिका पर ये टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि ये बहुत अच्छा मामला है। सभी धर्मों की महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए एक समान कानून की जरूरत महसूस की जा सकती है। इस पर केवल विधायिका (सरकार) को ही विचार करना चाहिए।

● **इसे विधायिका के विवेक पर छोड़ना ही सबसे अच्छा-** जस्टिस बागची ने इस बात पर जोर दिया कि एक पुरुष की एक पत्नी का नियम सभी समुदायों पर समान रूप से लागू नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि क्या इसका मतलब यह है कि अदालत सभी बहुविवाहों को असंवैधानिक घोषित कर सकती है? इसलिए, हमें निदेशक सिद्धांतों को प्रभावी बनाने के लिए विधायी शक्ति का सहारा लेना होगा। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को विधायिका के विवेक पर छोड़ना ही अच्छा होगा।

## यूपी चुनाव से ही लागू होगा 33 फीसदी महिला आरक्षण!

● कानून में संशोधन की तैयारी में सरकार, जल्द होगा निर्णय

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा और विधानसभा के चुनावों में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण दिए जाने वाले कानून में सरकार बदलाव करना चाहती है। महिला आरक्षण अधिनियम, 2023 में प्रावधान था कि जनगणना और परिसीमन के बाद इसे लागू किया जाएगा। लेकिन अब सरकार इसे 2027 के



यूपी और उत्तराखंड चुनाव से ही लागू करने की तैयारी में है। पंजाब और गोवा के चुनाव भी यूपी के साथ ही होने हैं। रिपोर्ट के मुताबिक सरकार ने इस संबंध में विपक्ष की राय लेने का प्रयास किया है। उसने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से इस मसले पर बात की है। जानकारी के मुताबिक इन विधानसभा चुनावों में महिलाओं के लिए 33 फीसदी सीटें आरक्षण करने का फैसला लॉटरी सिस्टम से लिया जा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस मसले पर राय लेने के लिए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने दो बार खरगे से संपर्क साधा है।

## एक लीटर तेल भी बाहर नहीं जाने देंगे, ईरान की धमकी

● इजराइल के हाइफा में किया हमला, तेल रिफाइनरी और ईंधन टैंक को बनाया निशाना



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मिडिल ईस्ट में जारी तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। चाहे इजरायल-अमेरिका हो या फिर ईरान कोई भी पीछे हटने को तैयार नहीं है। दोनों एक-दूसरे पर लगातार मिसाइलें दाग रहे हैं। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बच जारी तनाव ने मिडिल ईस्ट में संकट खड़ा कर दिया है। जंग में खाड़ी देशों पर भी मिसाइल और ड्रोन से हमले हो रहे हैं। ईरान ने सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, इराक, कुवैत समेत कई देशों में मिसाइलों और ड्रोन से हमला करना जारी रखा है। ताजा हमले में सऊदी, कुवैत और यूएई और इजराइल को निशाना बनाया गया है। ईरान ने कहा कि जब तक युद्ध जारी रहेगा, ईरानी सेना अमेरिका और इजराइल के सहयोगियों को इस क्षेत्र से तेल निर्यात नहीं करने देगी।

● **हिजबुल्लाह ने इजरायल पर ड्रोन से किया हमला-** ईरान उन खाड़ी देशों को लगातार निशाना बना रहा है, जहां पर अमेरिका के एयरबेस हैं। अमेरिका-इजरायल द्वारा ईरान पर किए हमले के बाद हिजबुल्लाह ने भी ईरान की ओर से मिसाइलें और ड्रोन से हमले करने शुरू कर दिए। हिजबुल्लाह ने एक के बाद एक इजरायल में कई धमाके किए। इसके बाद जवाबी कार्रवाई में इजरायली सेना ने भी लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हमले किए। वहीं, ईरान ने यूएई में कई जगहों पर मिसाइल से हमला किया है।

## स्पीकर बिरला के खिलाफ विपक्ष लाया अविश्वास प्रस्ताव

● गोगोई बोले-राहुल को बोलने नहीं दिया, रिजिजू का जवाब-प्रियंका को नेता प्रतिपक्ष बनाते तो अच्छा होता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में मंगलवार को विपक्ष स्पीकर ओम बिरला को पद हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाया। 50 से ज्यादा सांसदों ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट किया। इसके बाद पीठासीन ने प्रस्ताव पेश करने की परमिशन दे दी। अब इस प्रस्ताव पर 10 घंटे चर्चा चलेगी। विपक्ष ने ओम बिरला पर सदन की कार्यवाही में पक्षपात करने का आरोप लगाया है। बहस की शुरुआत कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने की। उन्होंने कहा कि बजट सत्र के दौरान 20 बार नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को रोक-टोका गया। उन्हें बार बार रूलिंग बुक दिखाई गई। उन्होंने अपनी स्पीच में एक आर्टिकल का हवाला दिया। इस पर उन्हें मना किया गया, लेकिन सत्ता पक्ष के सांसदों ने भारत में बैन किताबें सदन में



दिखाई। उनसे कुछ नहीं कहा गया। इस तरह का भेदभाव स्वीकार नहीं है।

**गोगोई ने बिरला पर भेदभाव के 3 आरोप लगाए-** 2 फरवरी को नेता विपक्ष राहुल गांधी जब बोल रहे थे, तब उन्हें बार-बार रोका गया। स्पीकर सर ने उनके तर्क पर सबूत देने का कहा। 9 फरवरी को शशि थरूर जब बोल रहे थे, तब उनका माइक बंद कर दिया गया। सरकार ने कहा कि बोलिए, लेकिन हम कैसे बोल सकते हैं जब माइक ऑफ किया गया हो। संसद में ऐसी नई-नई चीजें हो रही हैं। आज महिला सांसदों के उद्देश्य पर सवाल उठाए जा रहे हैं। ओम बिरला जी ने पीएम मोदी के समय कहा था कि महिला सांसदों ने पीएम की चेयर घेर ली है। उनके साथ कुछ भी हो सकता था।

### रिजिजू ने कहा-

● **जब सेशन चलता है तो राहुल विदेश चले जाते हैं-** संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा- इन लोगों ने पहले आरोप लगाया कि राहुल को बोलने नहीं दिया जाता है। मैं कहता हूं 15वीं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष केवल 2 बार बोले। जब सेशन चलता है, तो विदेश चले जाते हैं। नेता प्रतिपक्ष अपनी बात बोल के सदन से भाग जाते हैं। किसी और की बात नहीं सुनते हैं। फिर कहते हैं कि मुझे बोलने नहीं दिया जाता है। पहली बार मैंने ऐसा दृश्य देखा कि नेता प्रतिपक्ष पीएम को गले लगा रहा है। अपनी सीट पर बैठकर अपने सांसद को आंख मारता है। जैसा लीडर है तो बाकी के सांसद भी वैसे ही होंगे। मेंबर चेयर को यार कहते हैं। फिर कहतें हैं कि इसमें गलत क्या है (वेणुगोपाल ने चेयर को यार कहा था। प्रियंका को नेता प्रतिपक्ष बनाते तो कुछ अच्छा होता।

### प्रियंका ने कहा-

● **राहुल की सच्चाई इनसे पचती ही नहीं है-** प्रियंका गांधी ने कहा कि एक ही व्यक्ति है इस देश में जो इन 12 सालों में इनके सामने झुका नहीं। वह नेता प्रतिपक्ष है। और वो नेता प्रतिपक्ष इस सदन में खड़े होके इनके सामने सच बोल देते हैं। सच्चाई वो जो बोलते हैं वह इनसे पचती नहीं है। कार्यवाही के दौरान कांग्रेस ने स्पीकर की गैर-मौजूदगी में डिप्टी स्पीकर नियुक्त न करने पर सवाल उठाए। कहा कि चेयर पर बैठे जगदंबिका पाल कैसे इस दौरान कार्यवाही चला सकते हैं। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि देश का नेतृत्व कमकोर और बुजदिल है। डिप्टी स्पीकर का पद विपक्ष को देने की परंपरा रही है। 16वीं लोकसभा में हृष्ठ में शामिल रहे अन्नाद्रमुक के थंबीदुरई को यह पद दिया गया था, जबकि, 17वीं और 18वीं लोकसभा में किसी को भी डिप्टी स्पीकर नहीं बनाया गया।

## देश में एलपीजी संकट के बीच ऐक्शन में सरकार

● हाईलेवल मीटिंग, पीएम मोदी से मिले पेट्रोलियम मंत्री ● ईरान युद्ध से आपूर्ति बाधित, घरेलू संकट पर है नजर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी और विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस की कमी को दूर करने के लिए हाई-लेवल बातचीत की। ईरान के खिलाफ इजरायल और अमेरिका के बीच छिड़ी जंग की वजह से तेल और गैस की आपूर्ति में कमी आई है। सरकार ने मिडिल ईस्ट युद्ध के असर से घरेलू उपभोक्ताओं को बचाने के लिए एक रणनीतिक प्लान शुरू किया है। मौजूदा संकट अमेरिका-इजरायल की मिलिट्री कार्रवाई और ईरान के जवाबी हमलों के बाद होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने से पैदा हुआ है। यह समुद्री रास्ता भारत की एनर्जी सिक्योरिटी के लिए बहुत जरूरी है, क्योंकि देश अपनी कुल एलपीजी जरूरतों का 62 परसेंट इम्पोर्ट करता है। भारत में हर साल लगभग 31.3 लाख



टन एलपीजी की खपत होती है। पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मंत्रालय ने डिस्ट्रीब्यूशन को इस तरह बांटा है-घरेलू सेक्टर-कुल खपत का 87 प्रतिशत हिस्सा। कमर्शियल सेक्टर (होटल, रेस्टोरेंट, इंडस्ट्री)- बाकी का 13 परसेंट हिस्सा। मतदाता और आम घरों की सुरक्षा के लिए सरकार घरेलू कुकिंग गैस को प्राथमिकता दे रही है। इस वजह से कमर्शियल सेक्टर को सप्लाई की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। इस कमी की वजह से मुंबई और बेंगलुरु जैसे बड़े हब में कामकाज पहले ही रुक गया है। इंडिया होटल्स एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ने इस स्थिति पर चिंता जताई है।

### मंत्रालय ने लागू किए कई इमरजेंसी उपाय

इस संकट को देखते हुए पेट्रोलियम मंत्रालय ने कई इमरजेंसी उपाय लागू किए हैं। रिफाइनरियों को पेट्रोकेमिकल स्ट्रीम को कम करके एलपीजी आउटपुट को ज्यादा से ज्यादा करने का आदेश दिया गया है। जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए घरेलू इस्तेमाल करने वालों के लिए एलपीजी रिफिल बुकिंग साइकिल को पहले के 21 दिनों से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया है। घरों के अलावा, इंपोर्टेड एलपीजी को जरूरी नॉन-डोमेस्टिक सेक्टर, खासकर हॉस्पिटल और एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन की तरफ भेजा जा रहा है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के तीन एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर्स वाली एक कमेटी बनाई गई है। यह बॉडी होटल, रेस्टोरेंट और दूसरी इंडस्ट्रीज से मिले रिप्रेजेंटेशन को रिव्यू करेगी और मेरिट, जरूरत और प्रोडक्ट की उपलब्धता के आधार पर गैस बांटेगी।

## विधानसभा चुनाव से पहले असम में हो गया बड़ा खेला!

● प्रदेश की 40 लाख महिलाओं को मिल गए 9 हजार रुपए



**दिसपुर (एजेंसी)।** असम में 40 लाख परिवारों की महिलाओं को 9,000-9,000 रुपये उनके बैंक खातों में भेजे गए। राज्य सरकार की योजना अरुणोदय के तहत मंगलवार को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिए शिफ्ट की गई। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने गुवाहाटी में आयोजित केंद्रीय समारोह में इसकी शुरुआत की। उन्होंने कहा कि यह राशि राज्य सरकार की करुणामयी नीति का प्रतीक है, जो महिलाओं के नेतृत्व वाले घरों को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

● **एकमुश्त मिली आर्थिक सहायता राशि-** रिपोर्ट के मुताबिक, इस तरह लाखों महिलाओं को एकमुश्त आर्थिक सहायता मिली, जो उनके परिवारों के लिए अहम सहारा साबित होगी। योजना केवल खास मानदंडों को पूरा करने वाली महिलाओं तक सीमित है, जिससे इसका दायरा नियंत्रित और टारगेटेड है। सीएम सरमा ने कहा कि अरुणोदय योजना का आगामी विधानसभा चुनावों से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों की तरह यहां कोई सामूहिक या सार्वभौमिक हस्तांतरण नहीं किया जाता।

## संक्षिप्त समाचार

### टी–20 वर्ल्डकप जीतने के बाद ईशान किशन पहुंचे पटना, अपने भतीजे के साथ खेलते दिखे क्रिकेट

**पटना।** T-20 वर्ल्डकप जीतने के बाद ईशान किशन मंगलवार को पटना पहुंचे हैं। पटना पहुंचते ही उनका स्वागत किया गया। एक बच्चे ने उन्हें माला पहनाया। ईशान किशन ने बच्चे को किस भी किया। उन्होंने कहा कि बहुत अच्छा लग रहा है कि हमारी इंडिया टीम जीती है। ये हमारे पूरे देश के लिए बहुत अच्छी बात है। हम उम्मीद करते हैं कि आगे ऐसे ही हम क्रिकेट खेलते रहे और जीतते रहे। अगर मैं अच्छा करूंगा तो यहां से जो भी युवा क्रिकेट में जाना चाहते हैं, उनके लिए एक मोटिवेशन होगा। मैं अपनी तरफ से हमेशा कोशिश करता हूं कि जितने प्लेयर हर जगह से बढ़ सकते हैं, वह बढ़े। अभी हम लोगों ने वर्ल्ड कप खेला है। आपको बस मेहनत करना है, कहीं से भी आप आगे बढ़ सकते हैं। आगे भी खेलते रहना है, जीतते रहना है। वहीं, अपने भतीजे के साथ क्रिकेट भी खेली। खुद बॉलिंग करते दिखे और भतीजा बेटिंग कर रहा था। उन्होंने कहा कि ऐसे ही खेलते रहना है। ईशांन किशन हाईकोर्ट के वकील अजय ठाकुर के घर पहुंचे। अपने मौसेरी बहन वैष्णवी सिंह और उनके पति ऋत्विक ठाकुर की सड़क दुर्घटना में मौत होने के बाद परिवार वालों को सांत्वना देने आए हैं। टी–20 वर्ल्डकप फाइनल में ईशान किशन ने 24 बॉल पर 54 रन बनाया था। ईशान ने 4 चौके और 4 छक्के लगाए थे। 16वें ओवर के 5वीं बॉल पर ईशान किशन आउट हो गए थे। टीम इंडिया की जीत के बाद ईशान और उनकी गर्लफ्रेंड अदिति हुंडिया की तस्वीर सामने आई थी। इसमें वो ईशान को निहारती दिख रही थी।



### दूसरी शादी की तो मैं सुसाइड कर लूंगी, लिवइन रिलेशन में रहने के बाद थानेदार ने गर्लफ्रेंड को छोड़ा

**पटना।** सीतामढ़ी के एक थानेदार ने अपनी गर्लफ्रेंड को छोड़ दिया है। एक ऑडियो सामने आया है। उसके अनुसार दोनों 8 साल तक लिवइन रिलेशन में रहे। थानेदार पर आरोप है कि उसने लड़की को शादी का झांसा दिया था। लड़की को 7 मार्च को पता चला कि उसका बॉयफ्रेंड किसी दूसरी लड़की के साथ शादी कर रहा है। उसका तिलक हो चुका है। पीड़िता ने अपने बॉयफ्रेंड का फोटो उस लड़की के साथ देख लिया था। जिसके बाद लड़की ने विरोध जताया। लड़की का कहना है कि अगर शादी दूसरी जगह की तो मैं सुसाइड कर लूंगी। मुझे तुस्हारे साथ ही रहना है। वायरल ऑडियो 1 मिनट 49 सेकंड का है। इसमें छात्रा थानेदार से पूछ रही है कि तुमने अपनी मां से मेरी बात क्यों नहीं कराई। तुम छिप कर शादी क्यों कर रहे हो। मैंने उस लड़की की फोटो तुम्हारे साथ देख ली है। तब मुझे पता चल चुका है। नहीं तो मुझे पता भी नहीं चलता तुम वैसे ही मुझे रखे रहते। इसपर थानेदार कहता है कि ये सब छिपने वाली बात है क्या। छात्रा कहती है मैंने तुम्हें अपना 8 साल दिया है। वो लड़की तुम्हारे साथ नहीं रहेगी। मेरे साथ शादी नहीं करोगे तो मैं सुसाइड कर लूंगी। अब मुझे कोई मोह माया नहीं है। शास्त्री नगर थानेदार रविंद्र कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। पीड़ित लड़की को थाने पर बुलाया गया है। पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई होगी।



### राजेंद्रनगर हॉकी मैदान, नीदरलैंड से मंगाया एस्ट्रोटर्फ बिछाया जा रहा



**पटना।** राजेंद्र नगर स्थित एनसीसी कैंपस में बन रहे आधुनिक हॉकी टर्फ को हॉकी इंडिया फेडरेशन की आधिकारिक मंजूरी मिल चुकी है। बिहार अर्बन इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (बुडको) यह मैदान बना रहा है। निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। करीब 8.44 करोड़ की लागत से बन रहे इस हॉकी टर्फ में नीदरलैंड से आयातित पॉलीटेन ब्लू एस्ट्रोटर्फ बिछाया जा रहा है। यह खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सतह उपलब्ध कराएगा। मैदान में उन्नत जल प्रबंधन प्रणाली और अत्याधुनिक संरचना विकसित की जा रही है, जिससे राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के आयोजन की संभावना भी बढ़ेगी। फेडरेशन के अधिकारियों ने निर्माणाधीन मैदान का निरीक्षण किया। इसके बाद बुडको के प्रबंध निदेशक अनिमेष कुमार पराशर ने परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शेष कार्यों को तेजी से पूरा किया जाए। नियमित स्थल निरीक्षण कर कार्य की वास्तविक स्थिति देखी जाए। परियोजना से जुड़े अधिकारियों के अनुसार मैदान का लगभग 80 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। बेस स्ट्रक्चर, एलईडी फ्लड लाइट व्यवस्था और जल निकासी प्रणाली का काम लगभग समाप्त हो गया है। अब पाथ-वे, स्प्रिंकलर सिस्टम और टर्फ बिछाने का कार्य शेष है। मैदान में रात के समय अभ्यास और मैचों के आयोजन के लिए 20 उच्च क्षमता वाली 1000 वाट और 40 एलईडी फ्लड लाइट (500 वाट) लगाई जा रही है। 100 मीटर लंबे और 60 मीटर चौड़े खेल क्षेत्र वाले इस मैदान का फेंसिंग क्षेत्र 104 मीटर × 64 मीटर होगा। छोटे स्तर के मैचों के लिए करीब 25 दर्शकों की क्षमता वाली दर्शक दीर्घा भी बनाई जा रही है। राजगीर के बाद यह बिहार का दूसरा अंतरराष्ट्रीय स्तर का हॉकी मैदान होगा, जिससे राज्य के खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं का अवसर मिलेगा।

### वैशाली में बेकाबू ऑटो पलटी, 10 लोग घायलःशादी से पहले गंगा स्नान के लिए जा रहे थे यात्री

**हाजीपुर।** वैशाली में एक बेकाबू ऑटो पलटने से 10 लोग घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब सभी यात्री एक शादी समारोह से पहले गंगा स्नान के लिए जा रहे थे। घायलों में महिलाएं और एक बच्चा भी शामिल हैं। हादसे के बाद घायलों को इलाज करने के बजाय दीवार की बाउंड्री पर लेटा दिया गया। अस्पताल में स्ट्रेचर नहीं मिलने और स्वास्थ्य कर्मियों की कथित लापरवाही को लेकर घायलों ने आरोप लगाए हैं। घायलों में गिरिजा देवी (पति सीताराम पासवान), सोना देवी (पति जीतन पासवान), चिंता देवी (पति संजीत पासवान), सुलेखा देवी (पति कपल पासवान), चिनिया देवी (पति देवनारायण पासवान), मुनचुन देवी (पति बिरजू पासवान) और सत्यम कुमार (पिता चंदन पासवान) शामिल हैं। ये सभी वैशाली के सराय थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव के निवासी हैं। बिरजू पासवान के बड़े बेटे की शादी 13 मार्च को होनी थी, जिसके लिए परिवार के सदस्य और अन्य लोग गंगा स्नान करने जा रहे थे। हादसे में गंभीर रूप से घायल गिरिजा देवी को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। एक घायल के पुत्र ने बताया कि वे शादी समारोह में शामिल होने आए थे और घर की महिलाएं गंगा स्नान के लिए जा रही थीं, तभी ऑटो पलट गया। ऑटो में आठ से दस लोग सवार थे, जो सभी दुर्घटना का शिकार हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर लाया गया, जहां कथित तौर पर डॉक्टर डेढ़ घंटे से नदारद थे। घायलों के परिजनों ने बताया कि अस्पताल में इलाज के लिए कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। सभी घायल दर्द से कराह रहे थे, किसी का हाथ टूटा था तो किसी का पैर, और किसी के सर में चोट लगी थी। परिजनों ने आरोप लगाया कि उनकी चीख-पुकार सुनने वाला कोई नहीं था।

# बिहटा में ईएसआईसी का 75वां स्थापना दिवस समारोह

एजेंसी, पटना

बिहटा स्थित ESIC अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज परिसर में ESIC का 75वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर अस्पताल में एक नए ऑपरेशन थिएटर (OT) और नवजात गहन चिकित्सा इकाई (NICU) वार्ड का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में बिहार सरकार के श्रम संसाधन विभाग के मंत्री संजय सिंह टाइगर, कृषि मंत्री रामकृपाल यादव और स्थानीय विधायक भाई वीरेंद्र सहित विभाग के कई अधिकारी मौजूद थे। श्रम संसाधन मंत्री संजय सिंह टाइगर ने नए OT और NICU वार्ड का उद्घाटन किया। उन्होंने अस्पताल का निरीक्षण भी किया और मरीजों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना।



**डीन ने कॉलेज की उपलब्धियों की जानकारी दीः** ESIC अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. विनय विश्वास ने उपस्थित मंत्रियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने मंत्रियों को बिहटा ESIC अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज की उपलब्धियों के बारे में भी जानकारी दी। इस दौरान ESIC के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को भी सम्मानित किया गया। 75वें स्थापना दिवस के अवसर पर श्रम संसाधन मंत्री संजय सिंह टाइगर ने कहा, ESIC संस्थान के प्रति लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले 75 वर्षों में ESIC ने सामाजिक और देश के हित में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं, जिससे श्रमिक, मजदूर और गरीब वर्ग के लोग लाभान्वित हुए हैं।

**श्रम संसाधन मंत्री बोले–बिहार सरकार इसे और बेहतर बनाएगीः** मंत्री ने आगे कहा, बिहार के लोग भी इस संस्थान से काफी लाभ उठा रहे हैं। इसका प्रभाव ग्रामीण क्षेत्रों सहित हर जगह देखा जा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि बिहार सरकार इस संस्थान को और आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है, जो भी कमियां हैं, उन्हें जल्द दूर किया जाएगा। साथ ही बिहटा में ईएसआईसी अस्पताल के अलावा मेडिकल कॉलेज भी खुल चुका है जिससे बिहार के अलावा देश के विभिन्न राज्यों से भी बच्चे मेडिकल की पढ़ाई करने आ रहे हैं। बिहार सरकार भी इसे और बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

♦ श्रम मंत्री ने कहा- संस्थान के प्रति लोगों का बढ़ रहा विश्वास

**भाई वीरेंद्र ने बोला हमलाः** कार्यक्रम से बाहर निकलने के बाद विधायक भाई वीरेंद्र ने मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर कहा, जिंदा चमड़ी सप्लाई करने वाले ही तय करते हैं कि सीएम कौन बनेगा, पीएम कौन बनेगा और मंत्री कौन बनेगा। आज के डेट में जो भूंजा पार्टी के लोग हैं, उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को हटाने का काम किया है।

## बिहटा में मंदिर से आभूषण चोरी, महिला पकड़ाई, चोरी का सामान ज्वेलरी शॉप में बेचा

एजेंसी, पटना

पटना के बिहटा में देवी स्थान मंदिर से मां दुर्गा के आभूषण चोर ले गए थे। पुलिस ने एक महिला को हिरासत में लिया है। ग्रामीणों के सहयोग से पकड़ी गई महिला के पास से चोरी के सामान बरामद नहीं हुए हैं। महिला ने बताया कि चोरी का सामान एक आभूषण दुकान में बेचा है, फिलहाल आभूषण दुकान का पता लगाया जा रहा है।

ग्रामीणों ने जब महिला को पकड़ा तो काफी हंगामा हुआ। सूचना पर पुलिस भी पहुंची और महिला को सुरक्षित भीड़ से निकालकर थाने ले गई। पुलिस फिलहाल महिला से पूछताछ कर रही है। घटना बिटहा थाना क्षेत्र के किशुनपुर गांव स्थ्ति देवी स्थान मंदिर की है।

घटना के संबंध में स्थानीय ग्रामीण रणजीत सिंह ने बताया कि 18 फरवरी को गांव के देवी स्थान में कई महिलाएं पूजा कर रही थीं। इसी दौरान एक महिला पूजा करने के बहाने मंदिर में घुसी और पहले मां की 2 सोने की आंखें निकाल लीं। इसके बाद उसने मंदिर में रखे अन्य आभूषण और सामान भी चुरा लिए और फरार हो गई।

**50 साल से ज्यादा पुराना है मंदिरः** आसपास के लोगों से पूछताछ के बाद पता चला कि एक



❐ दुकान का पता लगा रही पुलिस

महिला ने इस घटना को अंजाम दिया था। बाद में ग्रामीणों ने उसी महिला को गांव में देखा, जिसके बाद उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। गिरफ्तार महिला मनेर थानाक्षेत्र के गयासपुर की रहने वाली है। रणजीत सिंह ने बताया कि गांव का यह प्राचीन मंदिर लगभग 50 साल से अधिक का है और इस गांव के सभी लोग इस मंदिर में पूजा करते हैं, लेकिन चोरी की घटना के बाद से अब मंदिर में ताला लगाया जा रहा है। घटना को लेकर थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि किशूनपुर गांव के देवी स्थान में मां के आभूषण चोरी के मामले में एक महिला को पकड़ा गया है। जिसके बाद महिला से पूछताछ की जारी है।

## राजेंद्र सेतु के नीचे अज्ञात शख्स की मिली लाश, बॉडी पर नहीं मिले चोट के निशान

**शख्स ने पहना था ब्लू-ब्लैक टी-शर्ट और काला ट्राउजर**

एजेंसी, पटना

मोकामा के हाथीदह थाना क्षेत्र में राजेंद्र सेतु के नीचे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। हाथीदह थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने तत्काल अपर थानाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद वर्मा के नेतृत्व में एक टीम घटनास्थल पर भेजी। पुलिस टीम को शव राजेंद्र सेतु के पिलर संख्या-2 के पास पड़ा मिला। पुलिस ने तत्काल आसपास के क्षेत्र को बैरिकेड कर सुरक्षित किया और मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम को भी जांच के लिए बुलाया।

मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के चोट या जख्म के निशान नहीं मिले हैं, जिससे मामला पेचीदा हो गया है। पुलिस के अनुसार, शख्स ने काले रंग का ट्राउजर और ब्लू-ब्लैक टी-शर्ट पहन रखी थी और उसके पैरों में सेफ्टी शू थे।



**पुलिस शख्स की पहचान में जुटीः** तथ्यों के आधार पर पुलिस आशंका जता रही है कि मृतक आसपास के किसी निर्माणाधीन प्रोजेक्ट में काम करने वाला मजदूर हो सकता है। पुलिस की एक अन्य आशंका यह भी है कि व्यक्ति संभवतः रेल ट्रैक के आसपास से या किसी ट्रेन से गिर गया हो। हालांकि, शरीर पर बाहरी चोट के निशान न मिलने से यह संभावना पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने की कोशिश शुरू कर दी है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने की तैयारी की जा रही है, जिससे मौत के कारणों का पता चल सके।

# राजेंद्रनगर मेट्रो स्टेशन के लिए खुदाई 12 मार्च से होगी, रेलवे ने दी एनओसी

एजेंसी, पटना

पटना मेट्रो के सबसे गहरे मेट्रो स्टेशन राजेंद्र नगर के लिए टनल खुदाई का काम 12 मार्च से शुरू होगा। रेलवे ने पटना मेट्रो को नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (NOC) दे दिया है। अब मोइनुल हक स्टेडियम से राजेंद्र नगर टर्मिनल के बीच लगभग 800 मीटर तक टनल निर्माण के लिए खुदाई शुरू हो जाएगी। रेलवे से अनुमति मिलने के बाद दिसंबर 2025 से रुका हुआ निर्माण काम अब दोबारा गति पकड़ेगा। दरअसल, मोइनुल हक स्टेडियम से राजेंद्र नगर टर्मिनल होते हुए मलाही पकड़ी मेट्रो स्टेशन के पहले तक लगभग 1800 मीटर लंबी टनल तैयार की जानी है।

इस हिस्से में खुदाई के लिए पटना मेट्रो ने 2 टनल बोरिंग मशीन (TBM) को लगाया था और काम तेजी से चल रहा था, लेकिन रेलवे से मंजूरी नहीं मिलने के कारण इसे रोकना पड़ा। राजेंद्र नगर टर्मिनल के पहले रेलवे लाइन के पास टनल बनाने के लिए रेलवे की अनुमति जरूरी थी। अब 3 महीने बाद फिर काम को शुरू किया जाएगा।



**राजेंद्र नगर टर्मिनल को विकसित करने की रेलवे कर रहा प्लानिंगः** मोइनुल हक स्टेडियम से शुरू हुई टनल पटना-हावड़ा मेन रेलवे लाइन के नीचे से गुजरते हुए राजेंद्र नगर टर्मिनल के नीचे से पार करेगी। इसके बाद यह कंकड़बाग ओल्ड बाइपास के नीचे बन रहे राजेंद्र नगर मेट्रो स्टेशन तक पहुंचेगी। हालांकि, रेलवे भी राजेंद्र नगर टर्मिनल को विकसित करने की योजना पर काम कर रहा है। टनल के एलॉयनमेंट का टर्मिनल के विकास पर होने वाले प्रभाव पर मंथन, सुरक्षा मानकों और भविष्य की योजनाओं का तकनीकी परीक्षण करके रेलवे ने पटना मेट्रो को एनओसी दिया है।

❐ मोइनुल हक स्टेडियम से टर्मिनल के बीच 800 मीटर का टनल

**मोइनुल हक स्टेडियम से पटना विश्वविद्यालय टनल तैयारः** पटना मेट्रो कॉरिडोर-2 में पहले भी कई हिस्सों में टनल निर्माण का कार्य पूरा किया जा चुका है। मोइनुल हक स्टेडियम से पटना विश्वविद्यालय के बीच लगभग 1480 मीटर लंबी टनल तैयार की जा चुकी है। वहीं, गांधी मैदान से आकाशवाणी होते हुए पटना जंक्शन तक करीब 1450 मीटर में टनल का निर्माण भी पूरा हो गया है।

# गिरिराज बोले, राहुल गांधी छोटा पजामा क्यों पहनते हैं, कांग्रेस ने मोदी को हाफ पैंट में दिखाया

एजेंसी, पटना

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया था। जिसमें उन्होंने राहुल गांधी के पहनावे पर तंज कसा था। वीडियो में राहुल गांधी संसद परिसर में दिख रहे हैं। गिरिराज ने वीडियो पर लिखा था राहुल गांधी इतना छोटा पजामा क्यों पहनते हैं। इस पर एक यूजर ने लिखा आपको बकैती के अलावा शायद कुछ आता हो, शर्म धोकर पी गए हैं। इसके अलावा बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने गिरिराज सिंह के पोस्ट को रिट्वीट किया है। राजेश राम ने नरेंद्र मोदी की फोटो पोस्ट की, जिसमें नरेंद्र मोदी हाफ पैंट में दिख रहे हैं, जो कि आरएसएस का एक प्रमुख ड्रेस है।



राजेश राम ने भी मोदी जी के पजामे का साइज पूछ लिया। उन्होंने तस्वीर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा इसका भी साइज बता दीजिए गिरीराज सिंह जी। यह तस्वीर काफी पुरानी है जिसे उन्होंने पोस्ट किया है।

**बेगूसराय में टेक्सटाइल फैक्ट्री लगवा दोः** गिरिराज सिंह के पोस्ट पर यूजर प्रणव ने लिखा है कि बेगूसराय में टेक्सटाइल फैक्ट्री लगवा दो, पजामा बड़ा बन जाएगा। इतनी बार एमपी रह चुके हैं, शर्म नहीं आती। यूजर चौधरी संजीव ने लिखा है कि वाह कितना आवश्यक मुद्दा उठाया है आपने। देश में इससे बड़ा मुद्दा हो ही नहीं सकता। न बेरोजगारी, न भ्रष्टाचार, न शिक्षा और न स्वास्थ्य। सबसे जरूरी मुद्दे पर आपकी पारखी नजर राहुल गांधी का पजामा।

❐ यूजर बोले- आपको बकैती के अलावा कुछ आता है

**झटका सिंह, बिहार में मशीनें लगवाइएः** यूजर मोहित सिंह ने लिखा झटका सिंह जी, बिहार में मशीनें लगवाइए और धागे सुलझाइए! एक शानदार टेक्सटाइल पार्क खड़ा करके राहुल गांधी के लिए ऐसी फुल पैंट तैयार करें कि फिटिंग देख कर विरोधी भी दंग रह जाएं।

## बेगूसराय-जहानाबाद में बादल, 20 जिलों में बारिश-बिजली का अलर्ट

एजेंसी, पटना

बेगूसराय और जहानाबाद में आज यानी मंगलवार सुबह हल्के बादल छाए हैं, जबकि नालंदा में धुंध है। बिहार के 20 जिलों में आज बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है। मौसम विज्ञान केंद्र की माने तो अगले 24 घंटे में प्रदेश के कई हिस्सों में तेज हवा, बादल और हल्की बारिश हो सकती है। इस दौरान 40KM/H की स्पीड से हवा चलने की भी संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र ने लोगों को खराब मौसम के दौरान सावधानी बरतने, खुले स्थानों से दूर रहने और बिजली गिरने की स्थिति में सुरक्षित जगहों पर रहने की सलाह दी है। पिछले 24 घंटे में प्रदेश का अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, पटना समेत कई जिलों में हल्के बादल छाए रहे। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, इस बदलाव के पीछे मुख्य वजह पश्चिमी विक्षोभ का सक्रिय होना है। पश्चिमी विक्षोभ मध्य सागर के आसपास के क्षेत्रों से उत्तर भारत के पहाड़ी इलाकों में एक्टिव हो रहा है। इसके प्रभाव से हिमालयी क्षेत्रों में बादल, बारिश और बर्फबारी होती है। जिसका असर मैदानी इलाकों के मौसम पर भी पड़ता है।



## एमएलए-एमएलसी के साथ तेजस्वी ने की मटन पार्टी

एजेंसी, पटना

बिहार में 5 सीटों पर राज्यसभा चुनाव होने वाला है। NDA ने पांचों सीटों पर जीत का दावा किया है। हालांकि, राजद ने अपने एक कैंडिडेट को खड़ा किया है। इसको लेकर राजद इंडिया गठबंधन के सभी विधायकों को एकजुट करने की कोशिश कर रही है। वहीं, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव मंगलवार को अपने आवास पर बैठक की। बैठक के जरिए मटन पार्टी की है। इस बैठक में बीएसपी और AIMIM के विधायकों को भी बुलाया गया था, लेकिन वे नहीं पहुंचे हैं। हालांकि, तेजस्वी ने सहयोगी दलों के साथ बैठक कर चुनाव पर चर्चा की।

मिली जानकारी के अनुसार, तेजस्वी ने सभी विधायकों को निर्देश दिया है कि मतदान के दिन सभी दलों के विधायकों को समय पहुंचना है। मतदान में किसी तरह की चूक ना हो। राज्यसभा चुनाव में एक एक वोट कीमती है। वहीं, राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा, 'राज्यसभा चुनाव को लेकर बैठक हो रही है। राजद उम्मीदवार के पास संख्या बल पूरी है। हमारे पास 41 विधायक हो चुके हैं। हम चुनाव जीत रहे हैं। AIMIM के समर्थन पर कहा सभी साथ आएंगे। निर्विरोध के बजाए चुनाव होने पर भाई वीरेंद्र ने कहा, देश चलाने वाले लोग जिंदा चमड़े का सप्लायर हो गए हैं।



**राज्यसभा चुनाव को लेकर की बैठक, भाई वीरेंद्र बोले- सब एकजुट, हम जीतेंगे**

# बुजुर्गों का नहीं हो रहा घर-घर इलाज

एजेंसी, पटना

बिहार सरकार की बुजुर्गों को घर बैठे इलाज देने की 'डोर स्टेप हेल्थकेयर' योजना फिलहाल कागजों तक ही सीमित है। इस योजना के तहत 60 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को घर पर ही नर्सिंग सेवा, ईसीजी, ब्लड टेस्ट और आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराना है। इसका उद्देश्य बुजुर्गों को अस्पतालों के बार-बार चक्कर लगाने से बचाना है। हालांकि, राजधानी के बड़े सरकारी अस्पतालों की स्थिति इन दावों से अलग है। आईजीआईएमएस, पीएमसीएच और एनएमसीएच जैसे अस्पतालों में बड़ी संख्या में बुजुर्ग मरीज सुबह से ही ओपीडी की लंबी कतारों में इलाज का इंतजार करते दिखे।

पीएमसीएच में लंबी भीड़, चक्कर लगा रही हूं लखीसराय से आईं 67 वर्षीय मारो देवी पीएमसीएच में इलाज के लिए पहुंची। मारो देवी ने बताया कि मुझे पिछले कई महीनों से पेशाब में तकलीफ है। चार महीने से अलग-अलग अस्पतालों का चक्कर लगा रही हूं। सोमवार सुबह वह पीएमसीएच पहुंची, लेकिन यहां भी लंबी भीड़ है। डॉक्टर के पास जाने के लिए इंतजार करना पड़ रहा आईजीआईएमएस पहुंची 70 वर्षीय धर्मपति देवी ने बताया कि मैं सुबह 7 बजे से ही अस्पताल में अलग-अलग काउंटरों का चक्कर लगा रही हूं। काफी देर बाद किसी तरह पर्ची कटवा पाई हूं। और अब डॉक्टर के पास जाने के लिए ओपीडी में इंतजार करना पड़ रहा। इलाज हो पाएगा या नहीं, यह कहना मुश्किल है।



**एक विभाग से दूसरे विभाग पैदल जाना मुश्किल हैः** पटना के रहने वाले 65 वर्षीय विष्णु देव राय अपनी पत्नी और बेटी के साथ पीएमसीएच इलाज के लिए पहुंचे। चलने फिरने में असमर्थ उन्हें एक विभाग से दूसरे विभाग तक पैदल जाना मुश्किल हो रहा था। उनकी बेटी उन्हें सहारा देकर विभिन्न काउंटरों तक ले जा रही थी।

**500 बेड का अस्पताल शुरू होते ही व्यवस्था शुरू होगीः** पीएमसीएच के अधीक्षक राजीव कुमार सिंह ने बताया कि व्यवस्था को जल्द ही धरातल पर लाया जाएगा, बुजुर्गों को एक छत के नीचे इलाज की सारी सुविधाएं दी जाएगी। सितंबर तक अस्पताल में सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। उन्होंने कहा कि 500 बेड का अस्पताल शुरू होते ही बुजुर्गों के लिए विभाग की व्यवस्था जल्द की जाएगी ताकि उन्हें भटकना न पड़े। डॉक्टर की कमी के कारण अलग से ओपीडी शुरू नहीं वहीं. एनएमसीएच में जेरियाट्रिक विभाग में फिलहाल केवल एक डॉक्टर ही कार्यरत हैं। इसके कारण अलग से ओपीडी शुरू नहीं हो सकी है। मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार ने बताया कि अभी बुजुर्ग मरीजों को मेडिसिन विभाग के तहत ही देखा जा रहा है। बाद में अतिरिक्त चिकित्सकों की नियुक्ति होने पर अलग ओपीडी शुरू की जाएगी।

♦ 'डोर स्टेप हेल्थकेयर' योजना के बाद भी अस्पताल के चक्कर काट रहे मरीज, काउंटर पर रहती लंबी लाइन

## संक्षिप्त समाचार

### सदर एसडीओ ने सुगौली प्रखंड कार्यालय का किया औचक निरीक्षण, योजनाओं की ली जानकारी



**बीएनएम @ मोतिहारी।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) मोतिहारी निशांत सिहारा ने मंगलवार को सुगौली प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय के विभिन्न अभिलेखों और व्यवस्थाओं की जांच की। इस दौरान एसडीओ ने उपस्थिति पंजी का अवलोकन करते हुए उपस्थित कर्मियों का मिलान किया, जिसमें सभी कर्मचारी उपस्थित पाए गए। उन्होंने कार्यालय परिसर में साफ-सफाई की स्थिति का भी जायजा लिया और व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्यालय के पंजीयों को सही तरीके से संधारित करने तथा परिसर में स्वच्छता बनाए रखने का निर्देश दिया। इसके बाद अनुमंडल पदाधिकारी सुगौली प्रखंड के फुलवारी पंचायत पहुंचे, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के पांच लाभुकों से मुलाकात कर आवास निर्माण की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर फीडबैक भी प्राप्त किया। ग्रामीणों से बातचीत के क्रम में एक व्यक्ति ने बताया कि उसका राशन कार्ड अभी तक नहीं बना है। इस पर एसडीओ ने उसे आवेदन करने की सलाह देते हुए आश्वस्त किया कि आवेदन करने के बाद उसका राशन कार्ड बनकर जल्द ही उसके घर तक पहुंच जाएगा। एसडीओ की इस पहल पर ग्रामीणों ने खुशी जताई।

### गश्ती के दौरान चोरी की घटना का उद्भेदन, एक आरोपी गिरफ्तार

**बीएनएम @ मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने गश्ती के दौरान चोरी की घटना का उद्भेदन करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के पास से चोरी का सामान, नकदी और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 9 मार्च 2026 की रात गश्ती के क्रम में पकड़ी दीक्षित बाजार में पुलिस टीम पहुंची। इस दौरान सड़क किनारे एक मोटरसाइकिल खड़ी देखी गई और एक व्यक्ति पास की दुकान के काउंटर पर खड़ा था। पुलिस वाहन को देखते ही वह दुकान के अंदर छिपने का प्रयास करने लगा। संदेह होने पर गश्ती दल ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे पकड़ लिया। पुलिस हिरासत में लेकर जब उससे पूछताछ की गई तो उसने बाजार की चार दुकानों से सामान और नकदी चोरी करने की बात स्वीकार कर ली। आरोपी के पास से चोरी किया गया सामान भी बरामद कर लिया गया है। बरामद सामान में एक हथौड़ी, एक कैंची, काउंटर में इस्तेमाल होने वाली दो कुंडियां, 427 रुपये नकद (नोट व सिक्के) तथा एक मोटरसाइकिल शामिल है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुभाष कुमार (पिता– किशोर महतो), निवासी बारदह छपरा, थाना कल्याणपुर, जिला पूर्वी चंपारण के रूप में हुई है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में कल्याणपुर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक सुजीत कुमार, सिपाही संदीप कुमार तथा लक्ष्मण कुमार की अहम भूमिका रही।

### एसएसबी के सेवानिवृत्त कर्मियों की समस्याओं की होगी सुनवाई

**बीएनएम @ मोतिहारी।** 71वीं वाहिनी एस.एस.बी. कैम्प पीपराकोठी द्वारा सशस्त्र सीमा बल के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन संबंधित शिकायतों व सुझाव के लिए 11 मार्च 2026 दिन बुधवार को समय 11 बजे से पीपराकोठी कैम्प परिसर में बैठक बुलाई गयी है। उक्त बैठक में एसएसबी के सभी सेवानिवृत्त कर्मचारी और उनके आश्रित, पेंशन संबंधित शिकायतों या अन्य किसी किसी भी प्रकार के सुझाव सलाह को रख सकते हैं। उक्त जानकारी 71वीं बटालियन के कमांडेंट प्रफुल्ल कुमार ने दी।

# सीकरीया फार्मेसी कॉलेज में 'ग्रेजुएशन शिरोमणि 2026' का भव्य आयोजन, प्रथम बी.फार्मा बैच को किया गया सम्मानित

बीएनएम @ मोतिहारी





बिहार में पहली बार दीक्षांत समारोह के अनुरूप "ग्रेजुएशन शिरोमणि 2026" का आयोजन नगर के सीकरीया फार्मेसी कॉलेज द्वारा बी.फार्मा के प्रथम बैच के लिए किया गया। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात, वरीय उपाध्यक्ष चन्द्रभूषण पाण्डेय, पूर्व प्राचार्य मुंशी सिंह महाविद्यालय अरुण कुमार के साथ सीकरीया फार्मेसी कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. शम्भूनाथ सीकरीया, सचिव यमुना कुमार सीकरीया तथा प्रचार्या प्रीती दूबे ने कॉलेज के कॉन्फ्रेंस हॉल में संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने बिहार में पहली बार इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन के लिए यमुना सीकरीया की भूरी-भूरी प्रशंसा की तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करते रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से छात्रों का मनोबल बढ़ता है। साथ ही उन्होंने बताया कि बिहार सरकार द्वारा फार्मेसी क्षेत्र में काफी नौकरियाँ निकाली जा रही हैं, जिसका सफल छात्र समुचित लाभ उठाएँ। कार्यक्रम के दौरान सफल छात्रों को मिमेंटो, मेडल, डिग्री और दुपट्टा देकर सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष डॉ. शम्भूनाथ सीकरीया एवं सचिव यमुना कुमार सीकरीया ने पुष्पगुच्छ, शॉल और मिमेंटो देकर सभी अतिथियों का सम्मान किया। इस अवसर पर सभी शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए श्री सीकरीया ने कहा कि वर्तमान समाज में फार्मेसी की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने छात्रों से कहा कि समाज में आपका स्थान भगवान के बाद है, इसलिए आप सेवा भावना के साथ अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहें। इसके पश्चात् जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सीकरीया कैंपस में स्थापित विश्व के पहले 5 लाख रुद्राक्ष से बने शिवलिंग तथा अश्वमेघ यज्ञ के गोल्ड प्लेटेड अश्व का दर्शन किया। इसके बाद उन्होंने कैंपस में स्थापित मोदी मिमेंटो म्यूजियम का अवलोकन किया। साथ ही कैंपस के अंतर्गत स्थापित उद्योग—राधा ग्रुप के रोलर फ्लोर मिल, राइस मिल पारबॉयलिंग यूनिट, ऑयल पैकिंग सिस्टम, प्रोफाइल शीट प्लांट, ऑक्सीजन प्लांट, सोयाबड़ी मशीन तथा आपदा-विपदा के समय सामाजिक सहायता हेतु स्थापित स्वचालित मशीन, जो एक घंटे में एक हजार रोटियाँ तैयार करती है का निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने फार्मेसी, बी.एड., ए.एन.एम. शिक्षण संस्थानों का भी अवलोकन किया तथा निर्यात गुणवत्ता वाले गुड़ के निर्माण स्थल और वहाँ स्थापित मशीनों को भी देखा। कैंपस में एक ही स्थान पर अनेक उद्योग, शिक्षण संस्थान और आध्यात्मिक स्थापनाएँ देखकर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस प्रकार का समन्वय उन्होंने पहली बार देखा है। उन्होंने सीकरीया संस्थान की सराहना करते हुए शुभकामनाएँ दीं कि सभी उद्योग सुचारु रूप से संचालित हों, जिससे लगभग 200 मजदूरों को रोजगार मिल सके।

## जनगणना 2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण) के सफल क्रियान्वयन हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

बीएनएम @ मोतिहारी




शहर के समाहरणालय स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद भवन सभागार में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण कार्य हेतु चार्ज स्तर पर लॉगिन आईडी बनाना एवं उसके सफल क्रियान्वयन के संबंध में जिला स्तरीय पदाधिकारियों, सभी अनुमंडल पदाधिकारियों तथा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-चार्ज जनगणना पदाधिकारियों के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन संबंधित जानकारी प्रदान की गई।प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि डेटा संग्रहण मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन मोड में सहज एवं सरल तरीके से किया जाएगा। इसके लिए पहली बार सेंसस 2027 – HLO मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग किया जाएगा। यह मोबाइल ऐप एंड्रॉयड तथा iOS संस्करण के स्मार्टफोन के अनुकूल होगा। जनगणना प्रयोजन हेतु HLO मोबाइल ऐप को सरल, सुविधाजनक एवं उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाया जा रहा है, ताकि सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा डिजिटल माध्यम से आँकड़ों का संग्रहण आसानी से किया जा सके। जनगणना कार्य दो चरणों में संपन्न किया जाएगा। पहले चरण में मकान सूचीकरण के अंतर्गत मकानों की गणना की जाएगी। अनुमंडल पदाधिकारी-सह-अनुमंडल जनगणना पदाधिकारी, मोतिहारी, पूर्वी चम्पारण निशांत सिहारा ने बताया कि जनसंख्या की गणना में प्रत्येक व्यक्ति का व्यक्तिगत विवरण एक निश्चित संदर्भ दिनांक एवं समय पर दर्ज किया जाएगा। वहीं जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अवधेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इस बार पहली बार स्व-गणना (Self Enumeration) का विकल्प भी प्रदान किया जा रहा है, जिससे लोग अपना डेटा स्वयं भर सकेंगे। बाद में प्रगणकों के माध्यम से जांचोपरांत इसे अंतिम रूप से सबमिट किया जाएगा।जनगणना निदेशालय, बिहार, पटना से आए प्रशिक्षक विकास सिंह तथा इस जिले के नोडल प्रशिक्षक आदित्य कुमार ने प्रशिक्षण सत्र का कुशलतापूर्वक संचालन किया। मौके पर नगर आयुक्त आशीष कुमार, सहायक समाहर्ता प्रिया रानी, गोपाल मिश्र एवं कमलेश कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## शिक्षक संघ द्वारा दावत-ए-इफ्तार का आयोजन, भाईचारे का संदेश



बीएनएम @ मोतिहारी

रमजान के पाक महीने के अवसर पर आदापुर प्रखंड शिक्षक संघ द्वारा मंगलवार को संसाधन केंद्र आदापुर परिसर में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रोजेदारों और शिक्षकों ने एक साथ इफ्तार कर आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश दिया। इफ्तार से पूर्व रोजेदारों ने देश और प्रदेश में अमन-चैन व तरक्की की दुआ करते हुए मगरिब की नमाज अदा की। इसके बाद सभी ने मिलकर लजीज व्यंजनों और फल-फ्रूट के साथ इफ्तार किया। कार्यक्रम के दौरान आपसी सद्भाव और एकता की झलक देखने को मिली। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रणधीर कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार, एमडीएम प्रभारी जितेंद्र सिंह, आलोक कुमार सिंह, शिक्षक अतिकूर रहमान, नुरुल होदा, संजीव चौबे, अलाउद्दीन, इम्तेयाजुल हक, हारून आलम, रणजीत यादव, विनोद कुमार, अभिषेक कुमार, नेशार अहमद, दीपक कुमार, पेपेंद्र कुमार, रामनारायण प्रसाद, नेक मोहम्मद, अफताब आलम सहित कई शिक्षक व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# एचआईवी व एड्स जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

बीएनएम @ मोतिहारी



स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार एवं बिहार एड्स नियंत्रण सोसाइटी, पटना के निर्देशानुसार शैक्षणिक संस्थानों में एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी की सेहत केंद्र इकाई तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 10 मार्च 2026 को महाविद्यालय परिसर में "एचआईवी/एड्स जागरूकता कार्यक्रम" के अंतर्गत एक महाविद्यालय स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों को एचआईवी/एड्स से संबंधित ऑब्जेक्टिव प्रश्नपत्र दिए गए, जिनमें संक्रमण के कारण, इसके फैलने के माध्यम, बचाव के उपाय, उपचार संबंधी जानकारी तथा समाज में इसके प्रति व्याप्त भ्रांतियों से जुड़े प्रश्न शामिल थे। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच एचएचआईवी/एड्स के बारे में वैज्ञानिक और सही जानकारी का प्रसार करना तथा इसके प्रति जागरूक और संवेदनशील दृष्टिकोण विकसित करना था। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि एचआईवी/ एड्स केवल एक स्वास्थ्य समस्या नहीं है, बल्कि यह सामाजिक जागरूकता और जिम्मेदारी से भी जुड़ा विषय है। युवाओं को इसके बारे में सही जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है ताकि वे स्वयं सुरक्षित रह सकें और समाज में भी जागरूकता फैलाने में योगदान दे सकें। इस अवसर पर महाविद्यालय की सेहत केंद्र इकाई की नोडल पदाधिकारी एवं मनोविज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. विदुषी दीक्षित, जिला नोडल अधिकारी एवं राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अमित कुमार, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी एवं हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. गौरव भारती, मनोविज्ञान विभाग के डॉ. ए. के. रंजन, डॉ. दद्दन राम, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. रुपेश कुमार, डॉ. रूपकथा घोष, डॉ. प्रतिमा, डॉ. आलोक कुमार पांडेय, डॉ. अवनीश कुमार मिश्र सहित महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विदुषी दीक्षित ने किया। इस अवसर पर डॉ. अमित कुमार एवं डॉ. ए. के. रंजन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एचआईवी/एड्स से बचाव के उपायों, सुरक्षित व्यवहार तथा समाज में फैली गलत धारणाओं को दूर करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही इस बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम के अंत में डॉ. गौरव भारती ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, प्रतिभागियों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया तथा इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं में सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।

## भारत–नेपाल सीमा पर बड़ा खुलासा : फर्जी आधार व जन्म प्रमाण पत्र बनाने वाला हाईटेक 'ब्लैक सेंटर' ध्वस्त

बीएनएम @ मोतिहारी



भारत–नेपाल की संवेदनशील अंतरराष्ट्रीय सीमा पर राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी एक बड़ी साजिश का खुलासा हुआ है। पूर्वी चंपारण पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाले एक हाईटेक 'ब्लैक सेंटर' का भंडाफोड़ किया है। इस दौरान गिरोह के मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उसके चार साथी मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर साइबर थाना की टीम ने मंगलवार को पचपकड़ी थाना क्षेत्र के बसहिया भंडार स्थित एक निजी मकान में छापेमारी की। छापेमारी का नेतृत्व साइबर थानाध्यक्ष सह डीएसपी अभिनव पाराशर कर रहे थे। पुलिस टीम को देखते ही वहां मौजूद पांच लोग भागने लगे। पुलिस ने खदेड़कर गिरोह के सरगना चंदन कुमार (पिता– सर्वनाथ प्रसाद) को गिरफ्तार कर लिया, जबकि चार अन्य आरोपी फरार होने में सफल रहे।

**हाईटेक उपकरणों के सहारे चल रहा था फर्जीवाड़ा**-छापेमारी के दौरान पुलिस ने कई अत्याधुनिक उपकरण बरामद किए हैं। इनमें तीन सिलिकॉन अंगूठे, आई-स्कैनर, वेब कैमरा, दो हाई-एंड लैपटॉप और बड़ी मात्रा में फर्जी रसीदें व दस्तावेज शामिल हैं। पुलिस के अनुसार गिरोह सिलिकॉन से बने नकली अंगूठों की मदद से किसी अन्य व्यक्ति के फिंगरप्रिंट का क्लोन तैयार करता था और आधार प्रमाणीकरण समेत बायोमेट्रिक डेटा से छेड़छाड़ कर फर्जी पहचान तैयार की जाती थी।

**विदेशी घुसपैठियों को दिलाई जा रही थी भारतीय पहचान**-पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ है कि गिरोह दो स्तरों पर काम कर रहा था। एक ओर नेपाल के रास्ते आने वाले विदेशी घुसपैठियों को फर्जी आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र और निवास प्रमाण पत्र उपलब्ध कराकर भारत में पहचान दिलाई जा रही थी। वहीं दूसरी ओर स्थानीय स्तर पर अपात्र लोगों के लिए फर्जी दस्तावेज बनाकर उन्हें वृद्धा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा था। इससे सरकारी खजाने को भी भारी नुकसान पहुंच रहा था।

**साइबर थाना में दर्ज हुआ मामला**-इस मामले में मोतिहारी साइबर थाना में कांड संख्या 54/26 दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) और आईटी एक्ट की गंभीर धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इस अंतरराष्ट्रीय गिरोह के तार किसी विदेशी नेटवर्क या संदिग्ध संगठनों से तो नहीं जुड़े हैं।

**ऑपरेशन में इन पुलिसकर्मियों की रही भूमिका**-इस कार्रवाई में डीएसपी अभिनव पाराशर के साथ पुलिस अवर निरीक्षक सौरभ कुमार आजाद, शिवम कुमार सिंह तथा सिपाही राकेश कुमार यादव, आनंद कुमार भारती और नीरज कुमार की अहम भूमिका रही।

जांच जारी है और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

## भारत-नेपाल सीमा पर 71वीं वाहिनी एसएसबी और एपीएफ ने किया संयुक्त गश्ती

बीएनएम @ मोतिहारी



71वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल मोतिहारी द्वारा भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा और आपसी समन्वय को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नेपाल एपीएफ के साथ संयुक्त रूप से गश्ती किया गया। इस दौरान दोनों बलों के जवानों ने नो-मैन्स लैंड और सीमावर्ती क्षेत्रों में पैदल मार्च किया। गश्ती का मुख्य लक्ष्य बॉर्डर पिलर्स की सुरक्षा एंव सीमा पार से होने वाली अवैध तस्करी, घुसपैठ और अन्य असामाजिक गतिविधियों पर पैनी नजर रखना है। पेट्रोलिंग के दौरान दोनों देशों के जवानों ने एक-दूसरे के साथ सुरक्षा संबंधी बुनियादी जानकारियां साझा कीं, ताकि ड्यूटी के दौरान बेहतर समन्वय बना रहे। संदिग्ध रास्तों और पगडंडियों पर विशेष रूप से तलाशी अभियान चलाया गया ताकि सीमा की पवित्रता बनी रहे। यह नियमित गश्ती अभियान सीमा पर तैनात बलों के बीच भरोसे और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए चलाया गया है, जिससे स्थानीय नागरिकों में सुरक्षा की भावना बनी रहे।

# नाबार्ड ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सशक्तिकरण संवाद कार्यक्रम किया आयोजित

बीएनएम @ मोतिहारी



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इस वर्ष की थीम "गिव टू गेन" को केंद्र में रखते हुए नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक आनंद अतिरेक के मार्गदर्शन में शहर के बंजरिया प्रखंड में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के लिए एक प्रेरणादायी संवाद एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन कृषक विकास समिति के सहयोग से किया गया। उक्त कार्यक्रम में विभिन्न स्वयं सहायता समूहों से संबद्ध बड़ी संख्या में महिलाओं ने सक्रिय सहभागिता की। इस अवसर पर जिला विकास प्रबंधक आनंद अतिरेक ने अपने संबोधन में कहा कि "गिव टू गेन" की अवधारणा पारस्परिक सहयोग, अनुभव-साझेदारी तथा सामूहिक उन्नति की भावना को सुदृढ़ करती है। जब महिलाएं ज्ञान, संसाधन और अनुभवों का आदान-प्रदान करते हुए सामूहिक रूप से आगे बढ़ती हैं, तब वे न केवल आर्थिक रूप से सशक्त बनती हैं बल्कि सामाजिक प्रतिष्ठा, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता भी प्राप्त करती हैं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को वित्तीय साक्षरता, बैंकिंग सेवाओं के प्रभावी उपयोग, समूह आधारित बचत, ऋण सुविधाओं तथा आयवर्धक गतिविधियों के विविध आयामों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। साथ ही यह भी रेखांकित किया गया कि स्वयं सहायता समूह आज ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक तथा संस्थागत सशक्तिकरण का एक प्रभावी और सशक्त माध्यम बनकर उभरे हैं। इस अवसर पर कृषक विकास समिति के अध्यक्ष उमाशंकर प्रसाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वयं सहायता समूह केवल आर्थिक सहयोग का मंच नहीं हैं, बल्कि वे ग्रामीण समाज में नेतृत्व, सहभागिता और सामुदायिक विकास की चेतना को भी प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे समूहों के माध्यम से उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ें और ग्राम्य विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम के दौरान जीविका की सामुदायिक प्रबंधक सीमा श्रीवास्तव तथा महिला उद्यमी रश्मि रानी ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने किस प्रकार सीमित संसाधनों के साथ छोटे स्तर से कार्य प्रारंभ किया और निरंतर परिश्रम, प्रशिक्षण तथा समूह सहयोग के माध्यम से आज आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। उनकी प्रेरणादायी जीवन यात्राओं ने उपस्थित महिलाओं में उत्साह, आत्मविश्वास और नवाचार की भावना का संचार किया। कार्यक्रम के समापन सत्र में प्रतिभागी महिलाओं ने भी अपने विचार और अनुभव साझा किए तथा इस प्रकार के संवादात्मक एवं प्रेरक कार्यक्रमों को भविष्य में भी नियमित रूप से आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि ग्रामीण महिलाओं के सर्वांगीण सशक्तिकरण की प्रक्रिया और अधिक सुदृढ़ हो सके।

## संक्षिप्त समाचार

### बीस हजार के इनामी अपराधी ने कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

**बीएनएम @ मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले के पचपकड़ी थाना क्षेत्र के एक इनामी अपराधी ने पुलिस दबाव और कुर्की की कार्रवाई के भय से न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। आरोपी पर कुल 20 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस के अनुसार पचपकड़ी थाना कांड संख्या 153/25 (आर्म्स एक्ट) में वांछित तथा मेहसी थाना कांड संख्या 83/23 (लूट कांड) में नामजद अभियुक्त मोहम्मद शेख हुसैन उर्फ मो. शेख, पिता– शेख बाबुलन हक, निवासी परसौनी, थाना पचपकड़ी, जिला पूर्वी चंपारण ने 10 मार्च 2026 को माननीय न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। बताया गया है कि आरोपी पर पचपकड़ी थाना कांड में 5 हजार रुपये तथा मेहसी थाना के लूट कांड में 15 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस द्वारा लगातार दबाव बनाए जाने और कुर्की की कार्रवाई की आशंका के कारण उसने अदालत में सरेंडर किया। पुलिस के अनुसार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ कुंडवाचैनपुर थाना में वर्ष 2017 में चोरी का मामला दर्ज है। फिलहाल मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### मेंटेनेंस कार्य के कारण तीन दिनों तक कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित

**बीएनएम @ रक्सौल।** 33 केवी आमोदेई लाइन में मेंटेनेंस कार्य के चलते रक्सौल के आमोदेई फीडर से जुड़े कई ग्रामीण इलाकों में तीन दिनों तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग ने इसकी जानकारी देते हुए उपभोक्ताओं से आवश्यक तैयारी करने की अपील की है। विभाग के अनुसार 11, 12 और 13 मार्च को लाइन में आवश्यक मरम्मत और रखरखाव का कार्य किया जाएगा। इस दौरान फुलबार, करमवा, रघुनाथपुर, पजीयरवा, भेरीहरवा और माली के साथ-साथ चम्पापुर, शिवनगर, पटनी, बैरिया तथा सुगौली के कुछ हिस्सों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। सहायक विद्युत अभियंता सुनील कुमार रंजन ने बताया कि मेंटेनेंस कार्य प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा। सुरक्षा कारणों से इस अवधि में संबंधित क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद रखी जाएगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि बिजली कटौती को देखते हुए वे अपने जरूरी कार्य समय रहते पूरा कर लें, खासकर पानी का भंडारण और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से कर लें। विभाग के अनुसार यह मेंटेनेंस कार्य भविष्य में बेहतर और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

### होलिका दहन के दौरान हथियार लहराने का वीडियो वायरल, पूर्व विधायक पर प्राथमिकी

**बीएनएम @भागलपुर।** होलिका दहन के दौरान सार्वजनिक स्थल पर हथियार लहराने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद भागलपुर पुलिस ने पूर्व विधायक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने इस मामले में वीडियो में दिख रहे हथियार को भी जब्त कर लिया है और पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। भागलपुर पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सोशल मीडिया सहित विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की लगातार निगरानी की जा रही थी। इसी दौरान एक वीडियो सामने आया, जिसमें पूर्व विधायक गोपाल मंडल होलिका दहन के अवसर पर सार्वजनिक स्थल पर हाथ में पिस्तौल लेकर घूमते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो की प्रारंभिक जांच में यह प्रतीत हुआ कि संबंधित व्यक्ति द्वारा सार्वजनिक रूप से हथियार का प्रदर्शन किया गया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कानूनी कार्रवाई शुरू की गई। जांच के बाद यह कृत्य 'पब्लिक डिस्प्ले ऑफ आर्म्स' से संबंधित प्रावधानों का उल्लंघन पाया गया, जिसके आधार पर बरारी थाना में संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने आगे की कार्रवाई करते हुए वीडियो में दिख रहे हथियार को विधिवत जब्त कर लिया है। साथ ही हथियार के पंजीकरण, लाइसेंस की वैधता और अन्य आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं की जांच के लिए जिला दंडाधिकारी को भी औपचारिक प्रतिवेदन भेजा जा रहा है। पुलिस ने बताया कि मामले की निष्पक्ष और विस्तृत जांच की जा रही है। जांच के दौरान प्राप्त साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर कानून के अनुरूप आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि किसी भी व्यक्ति को कानून से ऊपर नहीं माना जाएगा और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक सभी कदम उठाए जा रहे हैं।

### खाड़ी देशों में फंसे बिहार के प्रवासियों के लिए सहायता केंद्र और हेल्पलाइन जारी

**बीएनएम @ बेतियाः** पश्चिम एशिया एवं खाड़ी क्षेत्र में उत्पन्न वर्तमान संकटपूर्ण परिस्थितियों को देखते हुए बिहार सरकार का श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग पूरी तरह सतर्क है। वहां रह रहे भारतीय नागरिकों, विशेषकर बिहार के प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभाग ने अत्यंत महत्वपूर्ण सूचना और आपातकालीन सहायता नंबर जारी किए हैं। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय द्वारा एक विशेष नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जो प्रतिदिन सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक सक्रिय रहकर किसी भी संकट या आपात स्थिति में फंसे भारतीयों को त्वरित सहायता प्रदान कर रहा है। इसके लिए मंत्रालय ने निःशुल्क सहायता नंबर 1800118797 सहित अन्य दूरभाष नंबर (+91 11 2301 2113, +91 11 2301 4104) जारी किए हैं।स्थानीय स्तर पर तुरंत मदद पहुँचाने के उद्देश्य से विभिन्न खाड़ी देशों जैसे बहरीन, ईरान, इराक, इज़राइल, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, ओमान, कतर, फिलिस्तीन, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में स्थित भारतीय दूतावासों ने भी अपने-अपने आपातकालीन नंबर सक्रिय कर दिए हैं। बिहार सरकार ने राज्य के सभी प्रवासी श्रमिकों और उनके परिजनों से पुरजोर अपील की है कि वे किसी भी विषम परिस्थिति में घबराएं नहीं और इन संबंधित नंबरों पर तुरंत संपर्क करें। विभाग ने स्पष्ट किया है कि विदेशों में कार्यरत बिहार के श्रमिकों की जान-माल की सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। केंद्र सरकार और संबंधित दूतावासों के साथ निरंतर समन्वय बनाकर हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। अधिक जानकारी के लिए नागरिक विदेश मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट का भी अवलोकन कर सकते हैं। सरकार का यह कदम संकट की इस घड़ी में प्रवासी परिवारों के लिए एक बड़ा संबल सिद्ध होगा।

### समृद्धि यात्रा से बढ़ेगी बिहार की रफ़्तारःजदयू

**बीएनएम @ पटनाः** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 'समृद्धि यात्रा' को लेकर बिहार के राजनीतिक गलियारों में सकारात्मक चर्चाओं का दौर जारी है। सत्तारूढ़ दल के नेताओं और मंत्रियों ने इस अभियान को राज्य के सर्वांगीण विकास और जन-संवाद का एक मील का पत्थर बताया है। बिहार सरकार में मंत्री जमा खान ने मुख्यमंत्री के व्यक्तित्व और उनकी कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि नीतीश कुमार ने अपना संपूर्ण जीवन बिहार की प्रगति और सामाजिक सद्भाव के लिए समर्पित कर दिया है। उनके अनुसार, मुख्यमंत्री पूरे प्रदेश को अपना परिवार मानते हैं और उनकी प्राथमिकता हमेशा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने की रही है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि विपक्ष को केवल आलोचना करने के बजाय मुख्यमंत्री के दूरदर्शी विजन से सीख लेनी चाहिए। इसी क्रम में, मंत्री श्रवण कुमार ने 'समृद्धि यात्रा' को नीतीश कुमार के अटूट संकल्प का प्रतीक बताया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जिस प्रकार मुख्यमंत्री की पिछली सभी यात्राएं सफल रही हैं, उसी तरह यह यात्रा भी अपने निर्धारित उद्देश्यों को पूर्ण करेगी। जदयू के वरिष्ठ नेता राजीव रंजन प्रसाद ने यात्रा के प्रशासनिक महत्व पर जोर देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की यात्राएं केवल राजनीतिक दौरा नहीं होतीं, बल्कि इनसे सरकार को जमीनी स्तर पर सीधा फीडबैक मिलता है। इस यात्रा के माध्यम से विकास योजनाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन होगा और प्राप्त सुझावों के आधार पर भविष्य की नई नीतियों का मार्ग प्रशस्त होगा। कुल मिलाकर, सत्ता पक्ष इस यात्रा को बिहार की समृद्धि और प्रगति के लिए एक अनिवार्य कदम मान रहा है।

# 16 हजार रुपये रिश्वत लेते मुखिया गिरफ्तार, निगरानी ब्यूरो की कार्रवाई

बीएनएम @ पटना/सीतामढ़ी



निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, बिहार की टीम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सीतामढ़ी जिले के कोड़िया लालपुर पंचायत के मुखिया अवदेश साह को 16 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 10 मार्च 2026 को निगरानी ब्यूरो की मुख्यालय टीम द्वारा की गई। ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में निगरानी थाना कांड संख्या 30/26 दिनांक 9 मार्च 2026 को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित 2018) की धारा 7(ए)/7(बी) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। शिकायतकर्ता अजय कुमार (पिता– आनंद पासवान), निवासी कोदनिया, थाना रूनी सैदपुर, जिला सीतामढ़ी ने निगरानी ब्यूरो से शिकायत की थी कि पंचायत के मुखिया अवदेश साह द्वारा नल-जल योजना के अंतर्गत चार अनुदेशकों के मानदेय भुगतान के बाद अगली किस्त जारी कराने के नाम पर रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत का सत्यापन कराने के बाद आरोप सही पाए जाने पर निगरानी ब्यूरो के पुलिस उपाधीक्षक शिव कुमार साह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने जाल बिछाकर आरोपी मुखिया को सीतामढ़ी जिला कोर्ट परिसर के पास दुर्गा मंदिर के बगल में स्थित शिव राज भोजनालय से 16 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी से पूछताछ की जा रही है। इसके बाद उसे निगरानी के विशेष न्यायालय, मुजफ्फरपुर में प्रस्तुत किया जाएगा। मामले में आगे की जांच जारी है। निगरानी ब्यूरो ने बताया कि इस मामले में अनुसंधान के बाद आरोप-पत्र न्यायालय में दाखिल किया जाएगा, जिसमें दोष सिद्ध होने पर 3 से 7 वर्ष तक की सजा का प्रावधान है।

## भैसड़ा गांव में पशु चिकित्सा शिविर, 277 पशुओं का हुआ उपचार



बीएनएम @ रमगढ़वा

जिला पशुपालन पदाधिकारी, पूर्वी चंपारण के निर्देश पर मंगलवार को रमगढ़वा प्रखंड के बेला पंचायत अंतर्गत भैसड़ा गांव में एम्बुलेटरी वैन के माध्यम से पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पशुपालकों को निःशुल्क उपचार, दवा वितरण और पशुओं की देखभाल से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई। शिविर का संचालन भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. महेंद्र पासवान, रघुनाथपुर और डॉ. पूजा आनंद, रामगढ़वा द्वारा किया गया। दोनों चिकित्सकों ने पशुपालकों को पशुओं में होने वाली मौसमी बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। शिविर में कुल 71 पशुपालकों के 277 बड़े और छोटे पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। इस दौरान पशुपालकों को पशुपालन से जुड़ी समस्याओं के समाधान और बेहतर देखभाल के तरीके भी बताए गए।

## राशन कार्ड ई-केवाईसी और धान खरीद की प्रगति की डीएम ने की समीक्षा

बीएनएम @ बेतिया



जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित जिला आपूर्ति टास्क फोर्स की बैठक में राशन वितरण और धान अधिप्राप्ति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया कि राशन कार्ड की सूची से मृत व्यक्तियों और अयोग्य लाभुकों के नाम हटाए जाएं, जबकि योग्य परिवारों को योजना का लाभ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों (MO) को रोस्टर के अनुसार नियमित निरीक्षण करने और गड़बड़ी करने वाले विक्रेताओं व संलिप्त अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। खाद्यान्न की गुणवत्ता और डोर-स्टेप डिलीवरी पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने वाली परिवहन एजेंसियों पर जुर्माना लगाया जाए या उनके अनुबंध रद्द किए जाएं।वहीं, खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत धान अधिप्राप्ति की समीक्षा करते हुए बताया गया कि अब तक 10,675 किसानों से 96,507 मीट्रिक टन से अधिक धान खरीदा जा चुका है। डीएम ने इस प्रक्रिया को एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने तथा पैक्सों एवं मिलों का वास्तविक भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता अनिल कुमार सिन्हा सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे, जिन्हें पारदर्शी और समयबद्ध कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

## अवैध निर्माण और पेड़ों की कटाई किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं: आयुक्त



बीएनएम @ बगहा

**आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह ने दिए कड़े निर्देश**

तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह ने वाल्मीकिनगर टाइगर रिजर्व के पर्यटन को विश्वस्तरीय बनाने और क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए एक दिवसीय दौरा किया। वाल्मीकि सभागार में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि वाल्मीकिनगर में पर्यटन की अपार संभावनाएँ हैं और यहाँ आने वाले पर्यटकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएँ प्रदान करना प्रशासन की प्राथमिकता है। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पर्यटकों के ठहरने, आवागमन और साफ-सफाई की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि पर्यटन के विकास से न केवल राजस्व बढ़ेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।सुरक्षा के दृष्टिकोण से आयुक्त ने वन विभाग को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अभ्यारण्य क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण या पेड़ों की अवैध कटाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पर्यावरण और जैव विविधता के संरक्षण पर विशेष ध्यान देने को कहा ताकि पर्यटन के साथ-साथ प्राकृतिक संतुलन भी बना रहे। आयुक्त ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ काम करने का निर्देश दिया ताकि वाल्मीकिनगर की सुंदरता और सुरक्षा दोनों को सुरक्षित रखा जा सके। इस दौरे से स्थानीय प्रशासन और वन विभाग की कार्यप्रणाली में तेजी आने की उम्मीद है।

## अपराध नियंत्रण को लेकर एसपी ने की अपराध गोष्ठी, गश्ती व जांच तेज करने का निर्देश

बीएनएम @ बेतिया





पश्चिम चंपारण जिले में अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को पुलिस केंद्र बेतिया स्थित पुलिस सभागार में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक डॉ. शौर्य सुमन (भा.पु.से.) ने की। बैठक में साइबर क्राइम के पुलिस उपाधीक्षक, सदर-1 और नरकटियागंज के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी अंचल पुलिस निरीक्षक, पर्यवेक्षी पदाधिकारी तथा जिले के सभी थानाध्यक्ष मौजूद रहे। इस दौरान एसपी ने लंबित कांडों के पर्यवेक्षण में तेजी लाने और अनुसंधान को गति देने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी थानाध्यक्षों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में गश्ती दल की सक्रियता बढ़ाने तथा रात्रि गश्ती को और सख्त करने का निर्देश दिया। साथ ही विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष चौकसी बरतने और लगातार वाहन जांच अभियान चलाने को कहा। एसपी ने जिले में बढ़ रही वाहन चोरी की घटनाओं के त्वरित उद्भेदन का भी निर्देश दिया। इसके अलावा शराब तस्करों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान तेज करने, सूचना का अधिकार (आरटीआई), चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट सत्यापन, सर्विलांस प्रोसीडिंग तथा प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त आवेदनों एवं जनशिकायतों का त्वरित निष्पादन करने को कहा गया। बैठक में विभिन्न मामलों में वांछित और वारंट जारी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने का भी निर्देश दिया गया। एसपी ने सभी थानाध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्र के आमजनों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने और पुलिस-पब्लिक संबंध मजबूत करने पर भी जोर दिया।

## मछली पालन और एफपीओ प्रबंधन के गुर सीखेंगे किसान

**अभिलाष फिसरी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी में प्रशिक्षण सत्र आयोजित**

बीएनएम @ बैरिया



भितहा के साही टोला स्थित अभिलाष फिसरी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के कार्यालय में मंगलवार को पाँच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कंपनी के निदेशकों, मुख्य कार्यकारी अधिकारी और सदस्यों को मछली पालन की आधुनिक तकनीकों तथा एफपीओ के कुशल संचालन के प्रति जागरूक करना है। प्रशिक्षण के दौरान मत्स्य विभाग की विशेषज्ञ अनुष्का और रामनगर के बीएफओ नीरज कुमार द्वारा शेयरधारकों को जोड़ने और व्यावसायिक प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी दी गई।कंपनी की निदेशक बिंदा देवी और सीईओ धनंजय शर्मा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए इस प्रशिक्षण को एफपीओ की प्रगति के लिए अनिवार्य बताया। कार्यक्रम में निदेशक रेयाज अहमद, अब्दुल्लाह खान, अर्जुन चौधरी के साथ-साथ सुधीर चौबे और जवाहर बिन जैसे प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे। यह पहल स्थानीय मत्स्य पालकों को संगठित कर उनके आर्थिक उत्थान में सहायक सिद्ध होगी।

## बिहार के युवाओं को राज्य में ही मिलेगी गुणवत्तापूर्ण शिक्षाः शिक्षा मंत्री

बीएनएम @पटना



बिहार सरकार राज्य में उच्च शिक्षा के स्तर को सुधारने और मेधावी छात्रों के पलायन को रोकने के लिए ठोस रणनीति पर काम कर रही है। मंगलवार को पटना में आयोजित एक उच्च स्तरीय सेमिनार में शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और विशेषज्ञों के साथ शैक्षणिक सुधारों पर गहन मंथन किया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालयों में सत्रों को नियमित करना, समय पर परीक्षाएं आयोजित करना और गुणवत्तापूर्ण शोध गतिविधियों को बढ़ावा देना है। शिक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार का लक्ष्य एक ऐसी सुदृढ़ व्यवस्था बनाना है जिससे छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए अन्य राज्यों पर निर्भर न रहना पड़े।शिक्षा मंत्री ने यह भी जानकारी दी कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महत्वाकांक्षी योजना 'सात निश्चय-3' के तहत राज्य में 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' स्थापित करने की योजना पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। ये केंद्र आधुनिक संसाधनों और नई शिक्षण पद्धतियों से लैस होंगे, जो छात्रों को वैश्विक स्तर की शिक्षा प्रदान करेंगे। साथ ही, सभी विश्वविद्यालयों को शैक्षणिक कैलेंडर का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया है ताकि डिग्री और परीक्षा परिणाम समय पर घोषित हो सकें। सरकार की यह पहल बिहार के युवाओं के लिए राज्य के भीतर ही बेहतर अवसर पैदा करने और उच्च शिक्षा प्रणाली को पारदर्शी व आधुनिक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है।

## रक्सौल अनुमंडल पुलिस कार्यालय का डीआईजी ने किया वार्षिक निरीक्षण, अपराध नियंत्रण को लेकर दिए निर्देश

बीएनएम @ रक्सौल





बेतिया रेंज के डीआईजी हरीकिशोर राय ने शुक्रवार को रक्सौल अनुमंडल पुलिस कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत उनके आगमन पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) मनीष आनंद की मौजूदगी में पुलिस जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर उनका स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान डीआईजी हरीकिशोर राय एसडीपीओ कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने विभिन्न अभिलेखों, लंबित मामलों, प्राथमिकी डायरी तथा अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों की बारीकी से जांच की। इस दौरान उन्होंने रिकॉर्ड की स्थिति की समीक्षा करते हुए पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इसके बाद डीआईजी ने एसडीपीओ मनीष आनंद के साथ बैठक कर अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के निष्पादन तथा पुलिस कार्यप्रणाली को लेकर विस्तार से चर्चा की। मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि वार्षिक निरीक्षण के तहत अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न थानों से संबंधित अभिलेखों और चल रही प्राथमिकी डायरी की समीक्षा की गई है। डीआईजी ने बताया कि लंबित मामलों में करीब 40 प्रतिशत का निष्पादन हो चुका है, जबकि शेष मामलों को भी जल्द से जल्द निपटाने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि रक्सौल सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण यहां पुलिस गश्त को और सख्त किया जाएगा तथा अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर इंस्पेक्टर रंजय कुमार, रमेश कुमार महतो, हरैया थानाध्यक्ष किशन कुमार पासवान, प्रभात कुमार सहित कई पुलिस पदाधिकारी और जवान मौजूद रहे।

# समाधान ढूंढना सही दृष्टिकोण

क्या अब ये बात भरोसे के साथ कही जा सकती है कि न्यायपालिका ने अपनी प्रतिष्ठा की रक्षा कर ली है? आखिर न्यायपालिका में भ्रष्टाचार की धारणा इस हद तक क्यों पहुंच गई कि पाठ्य-पुस्तक में उसका जिक्र होने लगा? एनसीईआरटी की आठवीं कक्षा की किताब में न्यायपालिका के सामने मौजूद चुनौतियों के जिक्र से बार एसोसिएशन के साथ-साथ प्रधान न्यायाधीश भी आहत हुए। पुस्तक में जिन चुनौतियों का उल्लेख है, उनमें विचाराधीन मुकदमों की विशाल संख्या, न्यायाधीशों की कमी, और न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के आरोप शामिल हैं। न्यायपालिका में इससे इतनी नाराजगी फैली कि प्रधान न्यायाधीश जस्टिस सूर्य कांत ने मामले का स्वतः संज्ञान लिया। कहा कि कि संस्था के प्रमुख के बतौर उसकी प्रतिष्ठा की रक्षा करना उनका कर्त्तव्य है। उधर बार एसोसिएशन ने सवाल उठाया कि किताब में संसद में आपराधिक छवि के व्यक्तियों की मौजूदगी और शासन के दूसरे क्षेत्रों में मौजूद भ्रष्टाचार की चर्चा एनसीईआरटी ने क्यों नहीं की? चूंकि न्यायपालिका के पास अवमानना कार्यवाही की ताकत है, इसलिए प्रधान न्यायाधीश की टिप्पणियों का तुरंत असर हुआ। एनसीईआरटी ने संबंधित किताब पर अफसोस जताते हुए उसकी बिक्री तुरंत रोक दी और उस हिस्से को हटाने का एलान किया, जिस पर विवाद खड़ा हुआ। मगर क्या न्यायपालिका से जुड़े लोग ये बात भरोसे के साथ कह सकने की स्थिति में हैं कि अब उन्होंने अपनी संस्था की प्रतिष्ठा की रक्षा कर ली है? क्या उनके लिए यह प्रश्न उठाना बेहतर नहीं होता कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार की धारणा इस हद तक क्यों पहुंच गई कि पाठ्य-पुस्तक में उसका जिक्र होने लगा? क्या यह अधिक उचित एवं सकारात्मक नजरिया नहीं होता कि वे ऐसी धारणा की जड़ तक पहुंचेंगे और उसका निवारण करेंगे? इस बात से कोई इनकार नहीं है कि बात सभी जगहों पर मौजूद खामियों की होनी चाहिए। मगर एक जगह खामी है, तो उससे दूसरे स्थलों पर मौजूद बुराइयों को सही बताने का तर्क तो नहीं मिल जाता? सार्वजनिक लाभ के नजरिए से कहा जाता है कि धूप सर्वश्रेष्ठ कीटाणु नाशक है- यानी पारदर्शिता भूल-सुधार का आरंभिक उपाय है।

# तीन साल में तीन आईसीसी ट्रॉफी: भारतीय क्रिकेट का स्वर्णिम दौर और खिलाड़ियों की मेहनत का ऐतिहासिक फल



**कांतिलाल मांडोत**

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया टी-20 वर्ल्ड कप 2026 का फाइनल भारतीय क्रिकेट के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो गया। भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर तीसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ भारत ने केवल एक टूर्नामेंट नहीं जीता, बल्कि लगातार सफलता की ऐसी कहानी लिखी जिसने दुनिया को भारतीय क्रिकेट की ताकत का एहसास करा दिया। पिछले तीन वर्षों में तीन आईसीसी ट्रॉफी जीतना इस बात का प्रमाण है कि टीम इंडिया ने निरंतरता, आत्मविश्वास और सामूहिक मेहनत से सफलता का नया अध्याय रचा है। भारत की इस शानदार जीत में बल्लेबाजों से लेकर गेंदबाजों तक सभी खिलाड़ियों का योगदान रहा। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 5 विकेट के नुकसान पर 255 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। यह टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर भी बन गया। इतने बड़े लक्ष्य के सामने न्यूजीलैंड की टीम दबाव में आ गई और पूरी टीम 159 रन पर ही सिमट गई। इस प्रकार भारत ने न केवल जीत दर्ज की बल्कि टी-20 क्रिकेट में अपनी आक्रामक शैली का शानदार प्रदर्शन भी किया। इस ऐतिहासिक जीत का महत्व इसलिए भी अधिक है क्योंकि भारत ने तीन साल के भीतर तीन आईसीसी ट्रॉफियां जीतने का कारनामा किया है। वर्ष 2024 में भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप जीतकर लगभग 17 वर्षों बाद इस खिताब को अपने नाम किया था। इसके बाद 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर टीम ने अपनी लय बरकरार रखी और अब 2026 में फिर से टी-20 वर्ल्ड कप जीतकर विश्व क्रिकेट में अपना दबदबा साबित कर दिया। लगातार दो बार टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारत पहली टीम बन गई है और यह उपलब्धि भारतीय क्रिकेट के स्वर्णिम दौर को दर्शाती है। टीम इंडिया की सफलता के पीछे केवल प्रतिभा नहीं बल्कि खिलाड़ियों की कठिन मेहनत, अनुशासन और टीम भावना भी है। इस टूर्नामेंट में भारतीय बल्लेबाजों ने जिस आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की, उसने विरोधी टीमों के गेंदबाजों को लगातार दबाव में रखा। पूरे टूर्नामेंट में भारत ने 106 छक्के लगाए, जो किसी भी टी-20 वर्ल्ड कप के एक संस्करण में सबसे अधिक हैं। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि भारतीय टीम अब केवल तकनीकी रूप से मजबूत ही नहीं बल्कि आक्रामक क्रिकेट खेलने में भी सबसे आगे है।

इस शानदार प्रदर्शन में सबसे बड़ा योगदान रहा भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन का। संजू सैमसन ने पूरे टूर्नामेंट में 321 रन बनाए और भारत के लिए एक टी-20 वर्ल्ड कप संस्करण में सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इससे पहले यह रिकॉर्ड विराट कोहली के नाम था, जिन्होंने 2014 में 319 रन बनाए थे। संजू की बल्लेबाजी में आत्मविश्वास, आक्रामकता और जिम्मेदारी का अद्भुत संतुलन दिखाई दिया, जिसने भारत को कई कठिन मैचों में जीत दिलाई। संजू सैमसन की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि उन्होंने बड़े मैचों में शानदार प्रदर्शन किया। सेमीफाइनल और फाइनल जैसे दबाव भरे मुकाबलों में भी उन्होंने अर्धशतक लगाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। पूरे टूर्नामेंट में उनका स्ट्राइक रेट लगभग 200 के आसपास रहा, जो टी-20 क्रिकेट के लिए बेहद प्रभावशाली माना जाता है। उनके इस शानदार प्रदर्शन के कारण उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया। भारतीय टीम की बल्लेबाजी में इंसान किशन और अभिषेक शर्मा ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ईशान किशन ने पूरे टूर्नामेंट में 317 रन बनाए और कई मैचों में तेज शुरुआत देकर टीम को मजबूत आधार दिया। वहीं अभिषेक शर्मा ने फाइनल में केवल 18 गेंदों में अर्धशतक लगाकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी ने न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को पूरी तरह से दबाव में ला दिया। टीम इंडिया की गेंदबाजी भी इस टूर्नामेंट में उतनी ही प्रभावशाली रही। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट में सबसे अधिक विकेट हासिल किए। फाइनल मैच में उन्होंने केवल 15 रन देकर 4 विकेट लिए और न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। उनकी सटीक लाइन-लेंथ और दबाव में शानदार गेंदबाजी ने भारत की जीत को आसान बना दिया। यही कारण है कि उन्हें फाइनल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुना गया। भारतीय टीम की सफलता में ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या का योगदान भी बेहद महत्वपूर्ण रहा। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया। हार्दिक ने 200 से अधिक रन बनाए और साथ ही महत्वपूर्ण विकेट भी हासिल किए। सेमीफाइनल में उनके ऑलराउंड प्रदर्शन ने भारत को इंग्लैंड के खिलाफ रोमांचक जीत दिलाई, जिसने टीम का आत्मविश्वास और भी मजबूत कर दिया। फाइनल मुकाबले में शिवम दुबे की छोटी लेकिन विस्फोटक पारी भी बेहद अहम साबित हुई। जब भारत की पारी थोड़ी धीमी पड़ती दिखाई दे रही थी, तब शिवम दुबे ने अंतिम ओवरों में तेज रन बनाकर टीम का स्कोर 255 तक पहुंचा दिया। उनकी केवल 8 गेंदों में 26 रन की पारी ने न्यूजीलैंड के सामने बेहद मुश्किल लक्ष्य खड़ा कर दिया। इस पूरी सफलता के पीछे टीम के कोच गौतम गम्भीर की रणनीति और मार्गदर्शन भी महत्वपूर्ण रहा। गंभीर पहले खिलाड़ी के रूप में बड़े फाइनल मैचों में शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं और अब कोच के रूप में भी उन्होंने टीम को सफलता दिलाई है। उनकी सोच, रणनीति और खिलाड़ियों पर विश्वास ने टीम को लगातार जीत दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई। भारतीय टीम की इस जीत ने पूरे देश में उत्साह और गर्व का माहौल बना दिया। जीत के बाद देशभर में लोगों ने सड़कों पर उतरकर जश्न मनाया। कई जगहों पर आतिशबाजी हुई और लोग तिरंगा लेकर खुशी से झूमते नजर आए। यह जीत केवल खिलाड़ियों की नहीं बल्कि पूरे देश की जीत बन गई। दरअसल, खेल केवल प्रतिभा का नहीं बल्कि मेहनत, धैर्य और टीम भावना का परिणाम होता है। भारतीय खिलाड़ियों ने लगातार अभ्यास, फिटनेस और मानसिक मजबूती के साथ खुद को तैयार किया और कठिन परिस्थितियों में भी हार नहीं मानी। यही कारण है कि उनकी मेहनत का फल अब लगातार जीत के रूप में सामने आ रहा है। टी-20 वर्ल्ड कप 2026 की यह जीत केवल एक ट्रॉफी नहीं बल्कि भारतीय क्रिकेट के आत्मविश्वास और भविष्य की दिशा का प्रतीक है। यह सफलता आने वाली पीढ़ियों के खिलाड़ियों को प्रेरणा देगी कि अगर मेहनत, समर्पण और टीमवर्क के साथ खेला जाए तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। भारतीय क्रिकेट टीम ने इस जीत के साथ दुनिया को यह संदेश दे दिया है कि वह केवल मजबूत टीम ही नहीं बल्कि विश्व क्रिकेट की नई शक्ति बन चुकी है। खिलाड़ियों की मेहनत, कोच की रणनीति और करोड़ों भारतीयों के समर्थन ने मिलकर यह ऐतिहासिक सफलता संभव बनाई है। यही कारण है कि आज हर भारतीय गर्व से कह सकता है कि यह जीत मेहनत, विश्वास और सपनों की जीत है।

# आभासी दुनिया से बचपन को सुरक्षित रखने की पहल

**ललित गर्ग**

डिजिटल युग में मानव जीवन की गति और स्वरूप तेजी से बदल रहा है। संचार, शिक्षा, मनोरंजन और सामाजिक संबंधों का बड़ा हिस्सा अब आभासी माध्यमों के सहारे संचालित होने लगा है। इस परिवर्तन ने जहां अनेक सुविधाएं प्रदान की हैं, वहीं विशेष रूप से बच्चों और किशोरों के मानसिक, शैक्षणिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास के सामने नई चुनौतियां भी खड़ी कर दी हैं। इसी संदर्भ में भारत के तकनीकी रूप से अग्रणी राज्य कर्नाटक ने एक महत्वपूर्ण और अनुकरणीय पहल करते हुए सोलह वर्ष से कम आयु के बच्चों को सामाजिक माध्यमों के उपयोग से दूर रखने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार ने 2026-27 के बजट सत्र में यह घोषणा की कि किशोर आयु वर्ग के बच्चों द्वारा सामाजिक माध्यमों के उपयोग पर रोक लगाने के लिए कठोर नियम बनाए जाएंगे। यह निर्णय अभिभावकों की उस चिंता को कम करता है जो अनियंत्रित डिजिटल गतिविधियों से उत्पन्न होने वाले जोखिम से परेशान थे। जिसमें साइबर बुलिंग व साइबर धोखाधड़ी भी शामिल है। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को आभासी दुनिया के दुष्प्रभावों से बचाना और उनके स्वस्थ मानसिक विकास को सुनिश्चित करना है। एक अनुकरणीय पहल है, जिससे प्रेरणा लेते हुए अन्य प्रांतों को भी बचपन को सोशल मीडिया के खतरों से बचाने की दिशा में सार्थक उपक्रम करने चाहिए। कर्नाटक की इस पहल के तुरंत बाद आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने भी विधानसभा में घोषणा की कि राज्य में तेरह वर्ष से कम आयु के बच्चों द्वारा सामाजिक माध्यमों के उपयोग पर रोक लगाने के लिए आगामी नब्बे दिनों के भीतर कानून बनाया जाएगा। इस प्रकार आंध्र प्रदेश कर्नाटक के बाद ऐसा निर्णय लेने वाला दूसरा राज्य बनने जा रहा है। इन दोनों राज्यों की पहल केवल प्रशासनिक निर्णय भर नहीं है, बल्कि यह तेजी से आभासी होती दुनिया में बच्चों की सुरक्षा को लेकर चल रही वैश्विक बहस का हिस्सा भी है। विश्व के अनेक देशों में इस विषय पर गंभीर चिंतन हो रहा है। उदाहरण के लिए ऑस्ट्रेलिया में पहले ही सोलह वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सामाजिक माध्यमों के उपयोग पर प्रतिबंध लागू किया जा चुका है, वहीं फ्रांस जैसे देशों में भी बच्चों की डिजिटल सुरक्षा को लेकर कठोर नियम बनाए जा रहे हैं। वास्तव में पिछले कुछ वर्षों में अनेक मनोवैज्ञानिकों और बाल स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लगातार चेतावनी दी है कि सामाजिक माध्यमों का अनियंत्रित उपयोग किशोरों के मानसिक और भावनात्मक विकास पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है। बच्चों में आत्मविश्वास की कमी, अकेलापन, चिंता, अवसाद, ध्यान भंग होने की प्रवृत्ति तथा आक्रामक व्यवहार जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। आभासी मंचों पर लगातार तुलना और प्रदर्शन की प्रवृत्ति के कारण बच्चों के मन में हीनता और असंतोष की भावना भी जन्म लेने लगती है। यही कारण है कि भारत सरकार के 2025-26 के आर्थिक सर्वेक्षण में भी इस विषय को गंभीर चिंता के रूप में रेखांकित किया गया था। विभिन्न अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार किशोरों का औसत दैनिक स्क्रीन समय लगातार बढ़ रहा है। अनेक सर्वेक्षण बताते हैं कि कई देशों में तेरह से अठारह वर्ष आयु वर्ग के बच्चे प्रतिदिन तीन से छह घंटे तक आभासी माध्यमों पर समय बिताते हैं। इसका प्रत्यक्ष प्रभाव उनकी पढ़ाई, नींद, पारिवारिक संवाद और शारीरिक गतिविधियों पर पड़ता है। ध्यान और एकाग्रता की क्षमता में कमी आने से अध्ययन की गुणवत्ता प्रभावित होती है। बच्चों का स्वाभाविक बचपन, जो खेलकूद, मित्रता और प्रकृति के साथ जुड़ाव से समृद्ध होता है, वह धीरे-धीरे कृत्रिम आभासी संसार में सिमटता जा रहा है। इसके अतिरिक्त आभासी माध्यमों के माध्यम से साइबर उत्पीड़न और साइबर धोखाधड़ी जैसी समस्याएं भी तेजी से बढ़ रही हैं। कई बार बच्चे अनजाने में ऐसे जाल में फंस जाते हैं जिससे उनका मानसिक संतुलन और सुरक्षा दोनों प्रभावित होते हैं। इंटरनेट पर उपलब्ध अनुचित सामग्री भी बच्चों के मनोविज्ञान पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। इन सभी परिस्थितियों को देखते हुए यह स्पष्ट हो गया है कि बच्चों की सुरक्षा के लिए आभासी दुनिया के बढ़ते प्रचलन पर केवल जागरूकता पर्याप्त नहीं है, बल्कि ठोस नीतिगत कदम उठाने की आवश्यकता है। हालांकि कर्नाटक और आंध्र प्रदेश की पहल सराहनीय है, किंतु इसके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अनेक व्यावहारिक प्रश्न भी सामने आते हैं। आज के समय में स्मार्टफोन और विभिन्न अनुप्रयोग शिक्षा और दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। अनेक विद्यालय असाइनमेंट, सूचना और संवाद के लिए डिजिटल माध्यमों का उपयोग करते हैं। ऐसे में यह निर्धारित करना कठिन हो सकता है कि किसी बच्चे द्वारा किया गया उपयोग शैक्षिक उद्देश्य से है या सामाजिक उद्देश्य से। दूसरा महत्वपूर्ण प्रश्न आयु सत्यापन की प्रक्रिया से जुड़ा हुआ है। यह सुनिश्चित करना कि कोई बच्चा वास्तव में तेरह या सोलह वर्ष से कम आयु का है, तकनीकी दृष्टि से एक जटिल कार्य है। यदि तकनीकी कंपनियां इस दिशा में सहयोग नहीं करती हैं तो नियमों को प्रभावी ढंग से लागू करना कठिन हो सकता है। अनेक परिवारों में एक ही मोबाइल फोन का उपयोग परिवार के कई सदस्य करते हैं, ऐसे में बच्चों द्वारा सामाजिक माध्यमों तक पहुंच को पूरी तरह रोकना भी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। फिर भी इन कठिनाइयों के बावजूद यह पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह समाज को एक गंभीर समस्या की ओर ध्यान दिलाती है। वास्तव में बच्चों को आभासी माध्यमों के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए केवल प्रतिबंध पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि एक संतुलित और व्यापक दृष्टिकोण एवं जागरूकता अभियान अपनाना आवश्यक होगा। इसमें सरकारों, विद्यालयों, तकनीकी मंचों और अभिभावकों की समान रूप से महत्वपूर्ण भूमिका होगी। सरकारों को चाहिए कि वे बच्चों की डिजिटल सुरक्षा के लिए स्पष्ट नीतियां बनाएं और तकनीकी कंपनियों के साथ मिलकर ऐसी व्यवस्था विकसित करें जिसमें बच्चों की आयु का सत्यापन प्रभावी ढंग से किया जा सके। विद्यालयों को भी छात्रों को डिजिटल अनुशासन और जिम्मेदार उपयोग के बारे में शिक्षित करना चाहिए। अभिभावकों की भूमिका तो सबसे महत्वपूर्ण है क्योंकि बच्चों के व्यवहार और आदतों का निर्माण परिवार में ही होता है। यदि माता-पिता स्वयं डिजिटल संयम का उदाहरण प्रस्तुत करें और बच्चों के साथ संवाद बनाए रखें, तो आभासी माध्यमों के दुष्प्रभावों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसके साथ ही बच्चों को रचनात्मक और सृजनात्मक वातावरण प्रदान करना भी आवश्यक है। खेलकूद, पठन-पाठन, संगीत, कला और प्रकृति के साथ जुड़ाव जैसी गतिविधियां बच्चों के व्यक्तित्व को संतुलित और समृद्ध बनाती हैं। यदि बचपन में ही इन सकारात्मक आदतों का विकास किया जाए तो बच्चे स्वाभाविक रूप से आभासी माध्यमों पर निर्भरता से दूर रह सकते हैं। समाज को भी इस दिशा में सकारात्मक पहल करनी चाहिए ताकि बच्चों के लिए स्वस्थ और प्रेरणादायक वातावरण तैयार किया जा सके।




**मेष राशि:** आज का दिन आपको लाभ दिलाने वाला है। आप अपनी ऊर्जा को अच्छे कामों में लगाएंगे। आज किसी सामाजिक कार्यक्रम में आपकी भागीदारी रहेगी। इस राशि के सरकारी कर्मचारियों के लिए दिन व्यस्तता से भरा होगा। कार्यक्षेत्र में आ रही समस्याओं बाधाएं दूर होंगी। विद्यार्थियों की मेहनत आज रंग लाएगी।

**वृष राशि :** आज आपका दिन आपके लिए खुशियों की नई सौगात लाया है। जीवनसाथी की बेहतर सलाह से आपको पैसे कमाने का नया जरिया मिलेगा। मित्रों के साथ किसी बात को लेकर मतभेद होने के असार है। आपके क्रोध के कारण बना हुआ काम.. बिगड़ भी सकता है, इसलिए अपने गुस्से पर नियंत्रण रखें।

**मिथुन राशि:** आज आपका दिन बहुत शुभ रहेगा। आज घर-परिवार में किसी मांगलिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी। आर्ट स्टूडेंट्स के लिए दिन फेवरेबल रहेगा, ज्यादा समय अध्ययन में गुजरेगा। सुबह के समय वर्क आउट शुरू करने से आपकी सेहत अच्छी होगी। आपको व्यवसाय से जुड़े सुनहरे अवसर मिलेंगे।

**कर्क राशि:** आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। यदि आज आप नया व्यवसाय शुरू करने के लिए आज का दिन शुभ साथ ही आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद भी मिलेगी। उधार के पैसे आज वापस मिल सकते हैं। किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह आज आपके करियर में सार्थक बदल ला सकती है।

**सिंह राशि:** आज के दिन भाग्य आपका पूरा साथ देगा। स्पोर्ट्स से जुड़े लोगों की आज शानदार जीत होगी। आज घर के बड़े-बुजुर्ग की सेवा करने से आपको अच्छा महसूस होगा। रिश्तेदारों में आपकी तारीफ होगी। आज आपको अपनी मनपसंद चीज मिल सकती है। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम आपके फेवर में आयेगा।

**कन्या राशि:** आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी होने वाली है। आप अपने कुशल प्रबंधन से रोजगार के नए संसाधन विकसित करने में सफल होंगे। आज कार्यक्षेत्र में भी चुनौतियों का सामना करने अपनी प्रतिभा का उचित प्रदर्शन से सभी को स्तब्ध कर देंगे। अपने काम और वैवाहिक जीवन के मध्य संतुलन बनाकर रखें। आपके मिलनसार स्वभाव से लोग बहुत प्रभावित आपका मन सम्मान बढ़ेगा।

**तुला राशि:** आज आपका दिन थोड़ा व्यस्तता से भरा हो सकता है। आप पिछले छूटे कामों को पूरा करने में बिजी रहेंगे। आज आपको किसी भी अनजान व्यक्ति पर भरोसा करने से बचना चाहिए। साथ ही किसी भी तरह का बड़ा निवेश करने से पहले एक्सपर्ट की सलाह लेना बेहतर रहेगा। इस राशि की बिजनेस वुमेन बड़ी डील फाइनल कर सकती हैं।

**वृश्चिक राशि:** आज आपका दिन आपके लिए नई खुशियां लाया है। आप माता-पिता के साथ धार्मिक स्थल पर जायेंगे। घर में नए मेहमान के आने की संभावना है, जिससे परिवार उत्सव जैसा वातावरण हो जाएगा। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में सामंजस्य बना रहेगा। बच्चों के लिए आज का दिन बढ़िया है। आपको केटरिंग के व्यवसाय में बड़ा ऑफर मिलने से बढ़िया धन लाभ होने की संभावना है।

**धनु राशि:** आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। व्यापार के क्षेत्र में थोड़ी मुश्किलों के बाद लाभ का योग बन रहा है। बेवजह की भाग दौड़ से बचें। आध्यात्मिकता की ओर आपका रुझान होगा। आपके अच्छे काम से उच्चाधिकारी खुश होंगे। घर पर मेहमानों का आगमन होगा। आज करियर में आपको बड़ी सफलता हासिल होगी।

**मकर राशि :** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। दांपत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बना रहेगा। सेहत के लिहाज से आप स्वास्थ्य रहेंगे। विद्यार्थियों को आज अपने गुरुजनों का भरपूर साथ और सहयोग मिलेगा। आज आपको घर को डेकोरेट करने का मन करेगा और आप ऐसा करेंगे भी।

**कुंभ राशि:** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों के लिए आज का दिन लाभकारी है, उन्हें काम से जुड़ी बड़ी खुशखबरी मिलेगी। सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे। आपका खुशनुमा व्यवहार सबको प्रभावित करेगा। जीवनसाथी के साथ डिनर करने का प्रोग्राम बनाएंगे, जिससे रिश्तों में मिठास आयेगी।

**मीन राशि:** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को आज रोजगार के अच्छे अवसर मिलेंगे। आज शाम दोस्तों के साथ मूवी देखने का प्लान बन सकता है। धन से जुड़ी चिंताएं छूमंतर हो जाएगी। साथ ही कहीं रुका हुआ धन आपको मिल सकता है। आज कार्यक्षमता के बल पर आपको आगे बढ़ने के कई मौके मिलेंगे।

# विपक्ष की भूमिका पर उठते सवाल

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

भारतीय लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण संस्था संसद है। यही वह मंच है जहाँ जनता के प्रतिनिधि देश के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा करते हैं, सरकार से जवाबदेही मांगते हैं और राष्ट्रीय हित में नीतियों का निर्माण करते हैं। लोकतंत्र में संसद देश की सामूहिक चेतना का प्रतीक भी होती है, यहाँ होने वाली बहसें सरकार की नीतियों को दिशा देती हैं और जनता की आकांक्षाओं और समस्याओं को भी राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बनाती हैं। यही कारण है कि संसद से यह अपेक्षा की जाती है कि यहाँ होने वाली हर बहस का केंद्र भारत और उसके नागरिकों की समस्याएँ हों। वस्तुतः हाल ही में संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन जो दृश्य सामने आया, उसने अवश्य आज लोकतांत्रिक प्रक्रिया को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस ने अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष तथा पश्चिम एशिया की स्थिति पर संसद में चर्चा की मांग को लेकर इतना हंगामा कर दिया कि लोकसभा की कार्यवाही चल ही नहीं सकी। यह स्थिति तब पैदा हुई जब सरकार की ओर से विदेश मंत्री पहले ही इस विषय पर संसद में विस्तृत जानकारी दे चुके थे। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि क्या यह वास्तव में जनहित का मुद्दा था या फिर राजनीतिक विरोध के लिए संसद को बाधित करने की रणनीति? विदेश मंत्री ने राज्यसभा और लोकसभा दोनों में पश्चिम एशिया की स्थिति पर विस्तार से सरकार का पक्ष रखा। उन्होंने स्पष्ट किया कि मौजूदा संघर्ष भारत के लिए चिंता का विषय है, क्योंकि खाड़ी देशों में लगभग एक करोड़ भारतीय काम करते हैं। इसके अलावा भारत की ऊर्जा सुरक्षा भी काफी हद तक इसी क्षेत्र पर निर्भर है। भारत सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सतर्क है और अब तक हजारों भारतीयों को सुरक्षित स्थानों तक पहुँचाया जा चुका है। संबंधित मंत्रालयों और विदेशों में स्थित भारतीय दूतावासों के साथ लगातार समन्वय बनाए रखा जा रहा है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि संघर्ष के कारण वैश्विक सप्लाई चेन और ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो सकती है इसलिए भारत स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। विदेश मंत्री ने यह भी स्वीकार किया कि ईरान की मौजूदा परिस्थितियों में नेतृत्व स्तर पर संपर्क करना कठिन हो गया है, किंतु भारत हमेशा शांति, संवाद और कूटनीतिक समाधान का पक्षधर रहा है। जब सरकार इस विषय पर संसद को जानकारी दे चुकी थी, तब भी विपक्ष का लगातार "वी वांट डिस्कशन" के नारे लगाना और सदन की कार्यवाही बाधित करना कई प्रश्नों को जन्म देता है। क्या विपक्ष को यह ज्ञात नहीं कि भारत एक विशाल और जटिल देश है, जहाँ 140 करोड़ से अधिक लोगों की आकांक्षाएँ और समस्याएँ हैं? रोजगार, कृषि संकट, शिक्षा और स्वास्थ्य की गुणवत्ता, बुनियादी ढाँचे का विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा, पर्यावरण और जल संकट जैसे अनेक विषय हैं, जिन पर संसद में गहन और गंभीर चर्चा की आवश्यकता है। यह एक गहन तथ्य है कि भारत की अर्थव्यवस्था आज लगभग 3.5 ट्रिलियन डॉलर के आकार तक पहुँच चुकी है और सरकार इसे आने वाले वर्षों में 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। यह लक्ष्य तभी हासिल किया जा सकता है जब उद्योगों में निवेश बढ़े, रोजगार सृजन की गति तेज हो और युवाओं को व्यापक अवसर मिलें। हर वर्ष लगभग एक से सवा करोड़ युवा श्रम बाजार में प्रवेश करते हैं। यदि इतने बड़े पैमाने पर रोजगार उपलब्ध नहीं हुए तो बेरोजगारी और सामाजिक असंतोष दोनों बढ़ सकते हैं। इसका एक कारण यह भी है कि वर्तमान में देश की लगभग 65 प्रतिशत जनसंख्या 35 वर्ष से कम आयु की है। यह स्थिति भारत को एक बड़ा जनसांख्यिकीय लाभ प्रदान करती है, जिसे "डेमोग्राफिक डिविडेंड" कहा जाता है, किंतु इसका लाभ तभी लिया जा सकता है जब युवाओं को पर्याप्त शिक्षा, कौशल और रोजगार के अवसर उपलब्ध हों। यदि ऐसा नहीं हुआ तो यही जनसांख्यिकीय लाभ भविष्य में चुनौती भी बन सकता है। इसी तरह किसानों की आय, ग्रामीण विकास, शिक्षा व्यवस्था का सुधार, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार और बुनियादी ढाँचे का विकास जैसे विषय सीधे भारत के भविष्य से जुड़े हुए हैं। संसद में इन मुद्दों पर व्यापक और गंभीर चर्चा की आवश्यकता है। यदि संसद का बहुमूल्य समय विदेशी संघर्षों पर राजनीतिक हंगामे में खर्च हो जाए, तो यह लोकतंत्र की भावना के अनुरूप कैसे माना जा सकता है? यह स्पष्ट है कि विदेश नीति और वैश्विक घटनाएँ भी महत्वपूर्ण होती हैं। पश्चिम एशिया की स्थिति का भारत की ऊर्जा सुरक्षा और प्रवासी भारतीयों से गहरा संबंध है। इसलिए इस विषय पर सरकार का सतर्क रहना और संसद को जानकारी देना आवश्यक है। लेकिन इसका यह अर्थ बिल्कुल नहीं हो सकता कि इन मुद्दों को संसद की कार्यवाही बाधित करने का साधन बना दिया जाए। हालांकि इसमें दो मत नहीं कि लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। वह सरकार की नीतियों की आलोचना करता है, उसकी गलतियों की ओर ध्यान दिलाता है और वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। परन्तु यह भूमिका तभी सार्थक होती है जब वह जिम्मेदार और रचनात्मक हो। संसद को बार-बार बाधित करना, नारेबाजी करना और बहस के बजाय हंगामा करना लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करता है। विडंबना यह भी रही कि जब विदेश मंत्री राज्यसभा में इस विषय पर बोल रहे थे, तब विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया। यदि वास्तव में चर्चा की इच्छा होती तो विपक्ष उस समय सदन में रहकर सवाल पूछ सकता था, अपनी चिंताएँ व्यक्त कर सकता था और सरकार को जवाब देने के लिए बाध्य कर सकता था। लेकिन वॉकआउट और हंगामा यह संकेत देते हैं कि उद्देश्य शायद चर्चा से अधिक राजनीतिक संदेश देना था। वस्तुतः आज भारत विश्व मंच पर तेजी से उभरती हुई शक्ति है। आर्थिक, सामरिक और कूटनीतिक दृष्टि से भारत की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो चुकी है।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसार:-9931408109 ईमेल:-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइट:-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# गंभीर नहीं मानते सीमित ओवरों के क्रिकेट में भारतीय टीम का युग आया

**एजेंसी, मुम्बई**

भारतीय क्रिकेट टीम की टी20 विश्व कप खिताब जीत के बाद भी ये माना जा रहा है कि इससे सीमित ओवरों प्रारुप में भारतीय टीम का युग शुरु हो गया है हालांकि टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर इससे सहमत नहीं है। गंभीर ने कहा कि टीम ने लगातार आईसीसी खिताब जीतकर अपना प्रभाव दिखाया है पर अब भी काफी कुछ किया जाना शेष है। गंभीर के अनुसार इससे सीमित ओवरों के क्रिकेट में टीम इंडिया का युग नहीं माना जा सकता है। उन्होंने इसके कारण भी बताये और कहा कि हमें हाल में एक दिवसीय सीरीज में हार का सामना करना पड़ा था। वहीं अगर ये हमारा युग होता तो हम नहीं हारते। लगातार तीन साल में तीन आईसीसी खिताब भारतीय टीम ने जीते हैं जिसमें साल 2024 टी20 विश्व कप, 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी और 2026 टी20 विश्व कप। ये ऐसा ही जैसे साल 1999 से 2007 के बीच ऑस्ट्रेलियाई टीम लगातार आईसीसी ट्राफी में जीत दर्ज कर अपना दबदबा बनाने में सफल रही थी। गंभीर ने कहा, 'मैं सफेद गेंद के क्रिकेट के बारे में बात नहीं करूंगा क्योंकि सफेद गेंद के क्रिकेट में एकदिवसीय प्रारूप में हम पिछली तीन में से दो सीरीज हारे हैं। अगर यह हमारा युग होता तो हम दो सीरी नहीं हारते।' उन्होंने हालांकि माना है कि आईसीसी टूर्नामेंट में भारतीय टीम का रिकॉर्ड अच्छा रहा है।



गंभीर ने कहा, 'मैं युग जैसी बातों पर विश्वास नहीं करता। आपको हर दिन मैदान उतरना होगा, चाहे आप कोई भी मैच खेल रहे हों। जब आप अपने देश के लिए खेल रहे होते हैं तो आप हर मैच जीतना चाहते हैं।' उन्होंने कहा, 'ऐसा नहीं है कि यह द्विपक्षीय श्रृंखला है या आईसीसी ट्रॉफी है या विश्व कप है। मैं द्विपक्षीय और आईसीसी टूर्नामेंट में फर्क नहीं कर सकता क्योंकि ये एक ही हैं। सब कुछ बिल्कुल वैसा ही रहता है।' गंभीर ने यह भी कहा कि उनके कोच रहते तक निजी उपलब्धियों का जश्न नहीं मनाया जाएगा।उन्होंने कहा, 'कप्तान सूर्यकुमार यादव के साथ हमेशा ही मेरी यही बात होती रही है कि कि निजी उपलब्धियां मायने नहीं रखती केवल ट्रॉफी मायने रखती हैं।'' इसलिए हमारा ध्यान जीत दर्ज करने पर ही रहेगा।

# एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप के क्वालिफायर में भारत सेमीफाइनल की दहलीज पर, वेल्स से होगा मुकाबला

**एजेंसी, हैदराबाद**

एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप 2026 क्वालिफायर में शानदार प्रदर्शन कर रही भारतीय महिला हॉकी टीम अब अपने अंतिम पूल-बी मुकाबले में 11 मार्च को वेल्स से भिड़ेगी। हैदराबाद में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में भारत के लिए यह मुकाबला बेहद अहम है, क्योंकि जीत या ड्रॉ के साथ टीम सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर सकती है। मौजूदा समय में भारतीय टीम चार अंकों और बेहतर गोल अंतर के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है। पूल से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। यदि भारत वेल्स के खिलाफ जीत हासिल करता है या मुकाबला ड्रॉ रहता है, तो टीम सीधे अंतिम चार में पहुंच जाएगी। हालांकि अगर भारत को हार मिलती है तो उसके चार ही अंक रहेंगे और फिर उसका भविष्य स्कॉटलैंड और उरुग्वे के बीच होने वाले मैच के परिणाम



तथा गोल अंतर पर निर्भर करेगा। टूर्नामेंट में अब तक भारतीय टीम का प्रदर्शन प्रभावशाली रहा है। टीम ने 8 मार्च को खेले गए अपने पहले मुकाबले में उरुग्वे को 4-0 से करारी शिकस्त दी थी। इसके बाद दूसरे मैच में स्कॉटलैंड के खिलाफ कड़ा मुकाबला खेलते हुए 2-2 से ड्रॉ हासिल किया। भारतीय टीम की युवा फॉरवर्ड सुनेलिता टोप्पो शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने दोनों मैचों में गोल किए हैं। वहीं आक्रमण पंक्ति में लालरेमसियामी, नवनीत कौर और रुतुजा दादासो पिसाल ने भी बेहतरीन खेल दिखाते हुए कई मौके बनाए और गोल करने में अहम भूमिका निभाई है। रक्षा पंक्ति में भी भारतीय टीम मजबूत नजर आई है। गोलकीपर बिचू देवी ने अब तक कई अहम बचाव करते हुए टीम को मजबूती प्रदान की है। इसके अलावा हैदराबाद में घरेलू दर्शकों के उत्साहवर्धन से भी टीम को अतिरिक्त ऊर्जा मिल रही है। टीम के अब तक के प्रदर्शन पर कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि शुरुआती दो मुकाबलों के बाद टीम में सकारात्मक माहौल है। उन्होंने कहा कि युवा खिलाड़ियों ने मिले अवसर का अच्छा उपयोग किया है और टीम खुलकर खेल का आनंद ले रही है, जो टीम के लिए काफी अच्छा संकेत है। सलीमा टेटे ने यह भी कहा कि टीम का लक्ष्य विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना और चैंपियन बनना है। उन्होंने कहा कि जब भी टीम एक साथ होती है तो यही लक्ष्य हमारी बातचीत का हिस्सा होता है। भारत और वेल्स के बीच अब तक हुए मुकाबलों में भारतीय टीम का पलड़ा भारी रहा है। दोनों टीमों के बीच खेले गए छह मुकाबलों में भारत ने पांच में जीत दर्ज की है, जबकि वेल्स को एक बार सफलता मिली है। हालांकि मौजूदा टूर्नामेंट में वेल्स अपनी पहली जीत की तलाश में होगा, ऐसे में भारत को सेमीफाइनल में जगह पक्की करने के लिए पूरी एकाग्रता के साथ मैदान में उतरना होगा।

# अब ओलंपिक स्वर्ण जीतना रहेगा लक्ष्य : सूर्यकुमार

**एजेंसी, मुम्बई**

भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा है कि अब उनकी टीम का लक्ष्य 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतना रहेगा। सूर्यकुमार ने कहा कि है भारतीय टीम की जीत का राज आक्रामक रवैया अपनाना है। सूर्यकुमार ने कहा कि साल 2024 में मिली जीत के बाद से ही टीम आक्रामक अंदाज में खेलती आई है। सूर्या ने कहा कहा कि टी20 विश्वकप में टीम की जीत का रात एकजुट होकर खेलना रहा है। सूर्यकुमार ने कहा कि टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में बाधाएं आईं थीं पर , टीम ने सभी को हटाते हुए धीरे-धीरे लय पकड़ी और पूरे टूर्नामेंट में प्रभावी प्रदर्शन किया। सूर्यकुमार ने कहा कि पिछले एक महीने का सफर बेहद शानदार रहा है, हालांकि शुरुआत वैसी नहीं हुई जैसी हम चाहते थे पर खेल में ऐसा ही होता है। इस पूरे सफर में एक टीम के रूप में हमने काफी कुछ सीखा है। ऐसे में अब अगला लक्ष्य निश्चित रूप से ओलंपिक है, और उसके बाद होने वाला टी20 विश्व कप रहेगा। सूर्या ने कहा कि पिछले विश्वप के बाद से ही टीम ने अधिक आक्रामक और आधुनिक शैली अपनाई, जिससे हमें बड़े टूर्नामेंटों में लगातार अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2024 के बाद सब कुछ बदल गया। हमने 2024 में एक अलग तरह का क्रिकेट खेला और वहीं से हमें समझ आया कि इस टीम को आगे कैसे बढ़ना है, कैसे खेलना है। और तब से यह एक शानदार सफर रहा है।सूर्यकुमार ने बताया कि टीम का मनोबल आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में मिली सफलता से बढ़ा जिससे उसकी रणनीति सही साबित हुई और इसके बाद से ही ये सिलसिला बढ़ता गया है। । उन्होंने आगे कहा कि हमने 2025 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जब जीती थी तब अलग तरह से क्रिकेट खेला और वहीं 2026 की जीत खास अंदाज में दर्ज की है। इसलिए इस सिलसिले को बनाये रखना चाहिये।



# इरफान पठान ने भारतीय टीम सफलता का श्रेय कोच और कप्तान को दिया

**एजेंसी, अहमदाबाद**

पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने कहा है कि भारतीय टीम अभी विश्व की सीमित ओवरों के प्रारुप की सबसे अच्छी टीम है। पठान ने कप्तान सूर्यकुमार यादव और कोच गौतम गंभीर की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि इन दोनो ने ही टीम को यहां तक पहुंचाया है। पठान के अनुसार भारतीय टीम की लगातार सफलता के का मजबूत नेतृत्व और मार्गदर्शन है। उन्होंने कहा कि सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टीम बेहद आत्मविश्वास के साथ खेल रही है। वहीं गंभीर ने खिलाड़ियों को सही भूमिका देकर टीम को संतुलित बनाया है। पठान ने यह भी कहा कि गंभीर की सबसे बड़ी खासियत उनकी विनम्रता है। वे टीम की सफलता का श्रेय हमेशा खिलाड़ियों और सहायोगी स्टाफ को देते हैं, जिससे टीम का माहौल सकारात्मक बना रहता है और खिलाड़ी खुलकर प्रदर्शन करते हैं। पठान के अनुसार टीम निडर होकर खेलती है, कोच और कप्तान अपने खिलाड़ियों का समर्थन भी करते हैं। टीम कठिन फैसले भी लेती है। खिलाड़ियों को आक्रामक अंदाज में खेलने को कहा गया है जिससे भी टीम को लाभ हुआ है। इस दौरान एक खिलाड़ी असफल भी होता है तो दूसरा बेहतर बल्लेबाजी कर कमी पूरी कर देता है। टीम के सभी खिलाड़ियों ने एक जुट होकर एक इकाई के तौर पर खेला है। इस जीत के साथ भारत ने कई बड़े रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए। टीम अपनी धरती पर टी20 विश्व कप जीतने वाली पहली टीम बनी है। वह लगातार दो बार ट्रॉफी जीतने वाली पहली टीम भी बनी है। इसके अलावा भारत ने तीसरी बार आईसीसी टी20 खिताब अपने नाम किया है।



# अर्शदीप के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के लिए कार्रवाई कर सकती है आईसीसी

## फाइनल में कीवी बल्लेबाज की ओर फेंकी थी गेंद

**एजेंसी, दुबई**


अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) भारतीय टीम के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर आचारसंहिता उल्ललंधन के लिए कार्रवाई कर सकती है। अर्शदीप ने टी20 विश्व कप 2026 के फाइनल में न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेरिल मिचेल की ओर आक्रामक अंदाज में गेंद फेंकी थी जिससे शिकायत मिचेल ने अंपायर से भी की थी। आईसीसी ने इस घटना को गंभीरता से लिया है। फाइनल मैच के दौरान अर्शदीप ने अपने दूसरे ओवर के दौरान गेंद को आक्रामक अंदाज में मिचेल की ओर फेंक दिया। यह गेंद सीधे मिचेल के कंधे पर जाकर लगी। इस घटना के बाद कुछ समय के लिए मैदान पर तनाव का माहौल बन गया। मिचेल इस घटना से नाराज नजर आए और उन्होंने इसकी शिकायत अंपायर से शिकायत की। दोनों खिलाड़ियों के बीच स्थिति तनातनी बढ़ती देखकर भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव को बीच में आना पड़ा। उन्होंने किसी प्रकार से मामले को हल कराया। यह मामला आईसीसी आचार संहिता के तहत जांच के दायरे में आ सकता है। अगर किसी खिलाड़ी द्वारा बल्लेबाज की ओर खतरनाक तरीके से गेंद फेंकी जाती है, तो इसे खेल भावना के विपरीत माना जाता है। ऐसे मामलों को आमतौर पर लेवल-1 अपराध की श्रेणी में रखा जाता है। ऐसे में यदि अर्शदीप दोषी पाए जाते हैं, तो उन पर मैच फीस का अधिकतम 50 फीसदी तक जुर्माना लगाया जा सकता है। इसके साथ ही उनके खाते में एक या दो नकारात्मक अंक पॉइंट भी जोड़े जा सकते हैं। आईसीसी के नियमों के अनुसार, अगर किसी खिलाड़ी के खाते में 24 महीनों के भीतर चार नकारात्मक अंक जमा हो जाते हैं, तो उन्हें निलंबन का सामना करना पड़ सकता है। ऐसी स्थिति में खिलाड़ी को एक टेस्ट मैच या दो सीमित ओवरों के मैचों के लिए प्रतिबंधित किया जा सकता है। इसलिए खिलाड़ियों के लिए मैदान पर अनुशासन बनाए रखना चाहिये। मैच खत्म होने के बाद अर्शदीप ने खेल भावना दिखाते हुए मिचेल से माफी मांग ली। मिचेल ने भी उनकी माफी स्वीकार कर ली, जिससे मामला मैदान पर शांत हो गया। इसके बावजूद आईसीसी इस पूरे घटनाक्रम की समीक्षा कर सकता है और जरूरत पड़ने पर नियमों के अनुसार कार्रवाई कर सकता है।



## व्यापार

# शेयर बाजार की मजबूत शुरुआत के बाद ऊपरी स्तर से लुढ़के सेंसेक्स और निफ्टी

**नई दिल्ली**। घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान ऊपरी स्तर से बिकवाली होती हुई नजर आ रही है। आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही खरीदारी का सपोर्ट मिलने से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में थोड़ी और तेजी आई, लेकिन थोड़ी ही देर बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से इन दोनों सूचकांकों की चाल में गिरावट आ गई। इस बिकवाली की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में गिरावट जरूर आई, लेकिन ये दोनों सूचकांक लगातार हरे निशान में ही बने रहे। सुबह 10 तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 0.29 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। आज प्रातः 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से इंटरग्लोब एविएशन, श्रीराम फाइनेंस, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर 3.11 प्रतिशत से लेकर 1.55 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, ओएनजीसी, इंफोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिंद्रा और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के शेयर 1.74 प्रतिशत से लेकर 0.96 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,696 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 2,185 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 511 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 10 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 33 शेयर हरे निशान में और 17 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 809.57 अंक की मजबूती के साथ 78,375.73 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से यह सूचकांक उछल कर 78,526.25 अंक के स्तर तक पहुंच गया। इसके बाद बाजार में मुनाफा वसूली शुरू हो गई, जिसकी वजह से सेंसेक्स की चाल में कमजोरी आने लगी। बिकवाली के दबाव की वजह से पहले आधे घंटे में ही यह सूचकांक गिर कर 77,745.47 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद खरीदारों ने एक बार फिर लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, जिससे इस सूचकांक की स्थिति में मामूली सुधार होता हुआ नजर आया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 225.01 अंक की बढ़त के साथ 77,791.17 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 252.75 अंक उछल कर 24,280.80 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही खरीदारी का सपोर्ट मिलने से यह सूचकांक उछल कर 24,303.80 अंक तक पहुंच गया। इसके बाद बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसके कारण निफ्टी की चाल में कमजोरी आने लगी।



# कच्चे तेल की कीमत में छह प्रतिशत से अधिक की गिरावट, भारत जैसे तेल आयातकों को मिलेगी राहत

**नई दिल्ली**। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के साथ युद्ध जल्द खत्म होने की बात कहे जाने के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल (कच्चे तेल) की कीमत में भी जोरदार गिरावट दर्ज की गई। आज क्रूड ऑयल की कीमत में लगभग छह प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। इस गिरावट के कारण ब्रेंट क्रूड 93 डॉलर प्रति बैरल और वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 88 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया। इसके पहले सोमवार को कच्चे तेल की कीमत 119 डॉलर के स्तर को भी पार कर गई थी। हालांकि डोनाल्ड ट्रंप द्वारा युद्ध खत्म होने की बात कहे जाने के बाद कल ही ब्रेंट क्रूड गिरकर 98.96 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर बंद हुआ था। इसके बाद आज ब्रेंट क्रूड ने 91.49 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर कारोबार की शुरुआत की। कारोबार शुरू होते ही ब्रेंट क्रूड टूट कर 88.22 प्रति बैरल के स्तर तक आ गया। हालांकि इसके बाद एक बार फिर इसकी कीमत में तेजी का रुख बना। दोपहर 11 बजे तक का कारोबार होने के बाद ब्रेड क्रूड 6.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 92.91 प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा था। वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड ने भी सोमवार को 119 डॉलर प्रति बैरल का स्तर पर करने के बाद 94.77 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार का अंत किया था। आज इसने भी 87.81 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। कारोबार शुरू होने के बाद डब्ल्यूटीआई क्रूड लुढ़क कर 84.43 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक आ गया। इसके बाद इसकी चाल में सुधार हुआ। दोपहर 11 बजे तक का कारोबार होने के बाद डब्ल्यूटीआई क्रूड 6.79 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 88.38 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह वायदा बाजार में ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स आज 6.51 डॉलर प्रति बैरल यानी 6.66 प्रतिशत की गिरावट के साथ फिलहाल 92.45 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। वहीं डब्ल्यूटीआई क्रूड फ्यूचर्स आज 6.12 डॉलर प्रति बैरल यानी 6.50 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 88.65 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंचा हुआ है। आपको बता दे की पश्चिम एशिया में जारी सैन्य तनाव की वजह से सोमवार को कच्चे तेल की कीमत जबरदस्त उछाल के साथ 119 डॉलर का स्तर पार कर 120 डॉलर प्रति बैरल के काफी करीब पहुंच गई थी। हालांकि बाद में डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ जारी युद्ध के जल्द खत्म होने की बात कह कर अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की आपूर्ति को लेकर बनी चिंता को काफी हद तक काम कर दिया।




# रुपया सात पैसे मजबूत होकर 92.14 प्रति डॉलर पर

**मुंबई**। वैश्विक तेल कीमतों में गिरावट और घरेलू शेयर बाजारों में मजबूती के बीच मंगलवार को शुरुआती कारोबार में रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबरते हुए अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सात पैसे मजबूत होकर 92.14 पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 91.92 पर खुला और कुछ ही देर में यह 92.14 प्रति डॉलर पर कारोबार कर रहा था। यह पिछले बंद भाव के मुकाबले सात पैसे की मजबूती दर्शाता है। सोमवार को रुपया 39 पैसे टूटकर डॉलर के मुकाबले 92.21 पर बंद हुआ था, जो इसका अब तक का सबसे निचला बंद स्तर है। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और डॉलर की मजबूती से रुपये में बड़ी कमजोरी आई थी। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि मंगलवार को कमजोर डॉलर और घरेलू शेयर बाजार में मजबूत शुरुआत से रुपये को समर्थन मिला।

# सर्राफा बाजार में गिरावट जारी, सोना और चांदी की घटी कीमत

**नई दिल्ली**। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। सोना आज 1,800 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,970 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। इसी तरह चांदी की कीमत में भी आज पांच हजार रुपये प्रति किलोग्राम की कमजोरी दर्ज की गई है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,61,670 रुपये से लेकर 1,61,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,48,190 रुपये से लेकर 1,48,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। इसी तरह चांदी के भाव में भी गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,79,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,61,820 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,48,340 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,61,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,48,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,61,720 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,48,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,61,670 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,48,190 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,61,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,48,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,61,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,48,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,61,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,48,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,61,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,48,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,61,820 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,48,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है।



# घरेलू एलपीजी सिलेंडर बुकिंग नियम बदले, अब 25 दिन बाद ही होगा रीफिल

**नई दिल्ली**। केंद्र सरकार ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर की री-फिल बुकिंग के नियमों में बदलाव किया है। अब उपभोक्ता एक सिलेंडर की डिलीवरी के बाद दूसरा सिलेंडर 21 दिन की बजाय कम से कम 25 दिन बाद ही बुक कर सकेंगे। सरकार का कहना है कि यह कदम सिलेंडरों की जमाखोरी और अनावश्यक बुकिंग को रोकने के लिए उठाया गया है। सरकारी सूत्रों के अनुसार पहले अधिकांश उपभोक्ता लगभग 50 से 55 दिनों में एक सिलेंडर बुक करते थे, लेकिन हाल के दिनों में कुछ लोग 15 से 20 दिन के भीतर ही दोबारा बुकिंग करने लगे थे। इससे अचानक मांग बढ़ने लगी थी और सप्लाई व्यवस्था पर दबाव पड़ रहा था। इधर मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव और ईरान, इजरायल तथा अमेरिका के बीच जारी संघर्ष के कारण ऊर्जा आपूर्ति को लेकर भी चिंता बढ़ी है। इसी बीच देश की प्रमुख गैस कंपनियों ने कई जगहों पर कमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई सीमित या अस्थायी रूप से रोक दी है। 5, 19 और 425 किलोग्राम के जंबो कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति प्रभावित होने से होटल, रेस्टोरेंट और कई औद्योगिक इकाइयों में भी संकट की आशंका जताई जा रही है। हालांकि सरकार ने भरोसा दिलाया है कि घरेलू उपभोक्ताओं को गैस की आपूर्ति प्राथमिकता के आधार पर जारी रहेगी।



# सब्सक्रिप्शन के लिए खुला इनोविजन का आईपीओ, 12 मार्च तक लगा सकते हैं बोली

**नई दिल्ली**। टोल मैनेजमेंट और मैनपावर सर्विस देने वाली कंपनी इनोविजन का 322.84 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 12 मार्च तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 13 मार्च को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 16 मार्च को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर 17 मार्च को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 521 रुपये से लेकर 548 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 27 शेयर का है। इनोविजन के इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स कम से कम 1 लॉट यानी 27 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें 14,796 रुपये का निवेश करना होगा। इसी तरह रिटेल इनवेस्टर 1,92,348 रुपये के निवेश से अधिकतम 13 लॉट यानी 351 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 58,91,284 शेयर जारी हो रहे हैं। इनमें 255 करोड़ रुपये के 46,53,284 नए शेयर और 68 करोड़ रुपये के 12,38,000 शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे जा रहे हैं। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए सिर्फ एक प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 65 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए 34 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इस इश्यू के लिए एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है, जबकि केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है।

# दो जी सिने अवॉर्ड मिलने पर बोलीं अनीत पड्डा, मैंने मेहनत से अपने पापा का सपना पूरा किया







फिल्मी दुनिया में अक्सर हम कलाकारों की शानदार लाइफस्टाइल से आकर्षित होते रहते हैं। लेकिन इस शोहरत के पीछे उनकी मेहनत और संघर्ष होता है। इस कड़ी में अभिनेत्री अनीत पड्डा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता को दिया। दरअसल, उन्होंने जी सिने अवॉर्ड्स 2026 में दो बड़े अवॉर्ड्स जीते, जिसे उन्होंने अपने पिता को समर्पित किया। अनीत पड्डा ने जी सिने अवॉर्ड्स 2026 में बेस्ट डेब्यू फीमेल का अवॉर्ड जीता। इसके साथ ही उन्हें व्यूअर्स चॉइस बेस्ट एक्ट्रेस का सम्मान भी मिला। स्टेज पर अवॉर्ड लेने पहुंची अनीत ने अपनी स्पीच में सबसे पहले अपने पिता का जिक्र किया और कहा, मैं इस जीत का श्रेय अपने पापा को देती हूं। यह पल मेरे जिंदगी के सबसे इमोशनल पलों में से एक है। मैंने मेहनत से अपने पापा का सपना पूरा किया है। मेरे पापा भी एक्टर बनना चाहते थे, लेकिन किसी वजह से उनका यह सपना पूरा नहीं हो सका, लेकिन अब उनकी बेटी ने उनका यह सपना पूरा किया है। मैंने अपने पापा के इस सपने को जिया है। अनीत ने पंजाबी भाषा में अपने पापा से कहा, अब आपका सपना आपकी बेटी के जरिए पूरा हो गया है। जब आप कहते थे कि मैं अपना सपना तुम्हारे जरिए जी रहा हूं, तो मुझे एहसास होता था कि मैं सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि अपने पापा के सपने को भी साकार कर रही हूं। स्पीच में अनीत पड्डा ने आगे कहा, मैं अपनी जिंदगी में कभी इतनी खुश नहीं हुई हूं। पापा, मैं आपसे बहुत प्यार करती हूं और आपकी वजह से ही आज इस मुकाम पर हूं। उन्होंने आगे फिल्मों को लेकर कहा, जब लोग फिल्मों और शोज में किसी कलाकार के अभिनय पर तालियां बजाते हैं, तो वह तालियां सिर्फ उस अभिनेता के लिए नहीं होतीं। असल में यह तालियां उस कहानी के लिए होती हैं जो स्क्रीन पर दिखाई जा रही होती है, और वह कहानी लोगों की जिंदगी और उनके अनुभवों से जुड़ी होती है। मुझे गर्व है कि मैं इन कहानियों और किरदारों का हिस्सा बनकर दर्शकों तक भावनाएं पहुंचा पा रही हूं।


## सम्पूर्णेश बाबू का खौफनाक अवतार, 'बिरयानी का पोस्टर हुआ आउट, 26 मार्च को फिल्म होगी रिलीज़

दसारा की ज़बरदस्त कामयाबी के बाद निर्देशक श्रीकांत ओडेला और नेचुरल स्टार नानी एक बार फिर साथ आ रहे हैं फिल्म द पैराडाइज़ के साथ, जो इस वक्त देश की सबसे ज़्यादा इंतज़ार की जा रही फिल्मों में शामिल है। इस फिल्म को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह बना हुआ है। इसी बीच मेकर्स ने एक नया कैरेक्टर पोस्टर जारी किया है, जिसमें सम्पूर्णेश बाबू 'बिरयानी के रोल में दिखाई दे रहे हैं। पोस्टर में उनका लुक इतना डरावना और प्रभावशाली है कि यह साफ संकेत देता है कि यह किरदार फिल्म में सबसे खतरनाक और यादगार भूमिकाओं में से एक होने वाला है। सोशल मीडिया पर द पैराडाइज़ के मेकर्स ने सम्पूर्णेश बाबू के किरदार 'बिरयानी का कैरेक्टर पोस्टर शेयर किया। पोस्टर में उनका लुक वाकई डराने वाला है और नाम भी उतना ही चौंकाने वाला। आमतौर पर कॉमेडी रोल्स के लिए पहचाने जाने वाले सम्पूर्णेश बाबू का यह बिल्कुल नया और गंभीर अवतार देखकर सभी हैरान रह गए हैं। फिल्म तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़, मलयालम, बंगाली, अंग्रेज़ी और स्पेनिश में रिलीज़ होगी। दिलचस्प बात यह है कि जब कॉमेडी करने वाले कलाकार गंभीर रोल निभाते हैं, तो कई बार वे कमाल कर दिखाते हैं। पुष्पा में सुनील का खतरनाक मंगालम सीनू हो या धुरंधर में राकेश बेदी का दमदार किरदार, ऐसे कई उदाहरण हैं। अब द पैराडाइस से साम्पूर्णेश बाबू का 'बिरयानी वाला यह जबरदस्त पोस्टर देखकर लगता है कि एक और यादगार और दमदार किरदार दर्शकों के सामने आने वाला है। इसके साथ ही द पैराडाइस को श्रीकांत ओडेला की एक और दमदार और बड़े पैमाने की फिल्म माना जा रहा है, जिसमें उनकी अलग पहचान वाली सोच साफ नजर आती है। उनकी फिल्मों में छोटी-छोटी बातों पर दिया गया ध्यान ही उन्हें खास बनाता है और हर प्रोजेक्ट को सुर्खियों में ले आता है। दसरा से निर्देशन की शुरुआत करने वाले ओडेला ने अपनी पहली ही फिल्म से दर्शकों और आलोचकों का दिल जीत लिया था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ?100 करोड़ का आंकड़ा पार किया और नानी के करियर की सबसे बड़ी हिट साबित हुई। कम समय में ही श्रीकांत ओडेला इंडस्ट्री में अपनी मजबूत जगह बना चुके हैं, और द पैराडाइस के साथ उनसे उम्मीदें और भी बढ़ गई हैं। उत्साह को और बढ़ाते हुए, फिल्म का ओरिजिनल म्यूज़िक अनिरुद्ध रविचंदर ने तैयार किया है, जिसमें अनिरुद्ध और अर्जुन चांडी की आवाज़ें शामिल हैं। यह साउंडट्रैक शुरू से ही दर्शकों को कहानी की दुनिया में ले जाता है और हर पल के असर को और बढ़ा देता है। म्यूज़िक फिल्म के माहौल को मजबूती देता है और पूरे सिनेमाई अनुभव को और खास बना देता है। एसएलवी सिनेमाज के बैनर तले बन रही द पैराडाइस 26 मार्च 2026 को बड़े पैमाने पर सिनेमाघरों में रिलीज़ होने वाली है। यह फिल्म हिंदी, तेलुगु, तमिल, अंग्रेज़ी, स्पैनिश, बंगाली, कन्नड़ और मलयालम कुल आठ भाषाओं में दर्शकों तक पहुंचेगी।




## सनी देओल की फिल्म 'गबरू की नई रिलीज डेट आई सामने, अब 8 मई को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

सनी देओल इन दिनों अपनी फिल्म 'बॉर्डर 2 की सफलता को एंजॉय कर रहे हैं जो 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. इस फिल्म के बाद सनी देओल के खाते में कई दिलचस्प प्रोजेक्ट्स हैं जिनमें शशांक उदापुरकर की फिल्म 'गबरू भी शामिल है. सनी देओल ने इस फिल्म का ऐलान पिछले साल किया था और साथ ही इसका मोशन पोस्टर भी शेयर किया था जिसने लोगों की उत्सुकता बढ़ा दी थी. पहले 'गबरू को 13 मार्च 2026 को रिलीज किया जाना था लेकिन अब इसकी रिलीज डेट आगे बढ़ा दी गई है. वैरायटी इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक सनी देओल की अगली थिएटर रिलीज 'गबरू अब 8 मई 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी. इस फिल्म का निर्देशन शशांक उदापुरकर ने किया है जबकि इसे विशाल राणा और ओम छंगानी ने प्रोड्यूस किया है. 'गबरू में सनी देओल एक मिडिल एज फैमिली मैन के किरदार में नजर आएंगे. कहानी एक ऐसे शख्स की है जिसकी जिंदगी




अचानक आए कुछ हालात के बाद बदल जाती है. इन घटनाओं के जरिए वो खुद को दोबारा पहचानता है और जिंदगी को नए नजरिए से जीना सीखता है. ये रोल सनी देओल के अब तक के एक्शन इमेज से काफी अलग बताया जा रहा है. नई रिलीज डेट के साथ 'गबरू का मुकाबला बॉक्स ऑफिस पर अनन्या पांडे और लक्ष्य स्टारर फिल्म 'चांद मेरा दिल से होगा जिसकी उसी दिन यानी 8 मई को रिलीज होने की उम्मीद है. वैरायटी इंडिया ने बताया की एक सूत्र की माने तो 'गबरू सनी देओल के लिए सिर्फ एक और फिल्म नहीं बल्कि दिल से जुड़ी कहानी है जिसमें हिम्मत, पहचान और जज्बे जैसे मुद्दे दिखाए गए हैं. हाल ही में सनी देओल ने भी कहा था कि 'गबरू उनके दिल के बेहद करीब है. इस फिल्म में सनी देओल के साथ सिमरन और प्रीत कमानी भी अहम रोल में नजर आएंगे. फिल्म का म्यूजिक मिथुन ने दिया है जिसके बोल सईद कादरी, सतिंदर सरताज और अनुराग सैकिया ने लिखे हैं. 'गबरू के बाद सनी देओल 'लाहौर 1947 में नजर आएंगे जो इस साल स्वतंत्रता दिवस वीकेंड पर रिलीज होगी. इसके अलावा वो नितेश तिवारी की मेगा फिल्म 'रामायण और नेटफ्लिक्स की एक्शन थ्रिलर 'इक्का में भी दिखाई देंगे .

## जर्नलिज्म छोड़ अभिनय में बनाई पहचान, साउथ ही नहीं बॉलीवुड में भी श्रद्धा दास ने छोड़ी छाप



फिल्म इंडस्ट्री में कई कलाकार ऐसे हैं, जिन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों से आकर अभिनय की दुनिया में नाम कमाया है। ऐसी ही एक प्रतिभाशाली अभिनेत्री हैं श्रद्धा दास, जिन्होंने पत्रकारिता की डिग्री हासिल की, लेकिन किस्मत उन्हें एक्टिंग की ओर ले आई।आज वह साउथ सिनेमा का जाना-माना चेहरा हैं और बॉलीवुड में भी अपनी खास पहचान बना चुकी हैं। 1987 को मुंबई के एक बंगाली परिवार में जन्मीं श्रद्धा ने मुंबई विश्वविद्यालय से बैचलर ऑफ मास मीडिया (जर्नलिज्म) की डिग्री हासिल की। कॉलेज के दिनों में ही उन्हें अभिनय का शौक हो गया। उन्होंने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के कलाकारों जैसे पीयूष मिश्रा और चितरंजन गिरी जैसे एक्टर्स के साथ थिएटर वर्कशॉप की, थिएटर में अच्छी ट्रेनिंग ली और फिर एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। श्रद्धा ने साल 2008 में तेलुगू फिल्म सिद्धु फ्रॉम सिकाकुलम से अभिनय की शुरुआत की, जिसमें वह अभिनेता नरेश के साथ नजर आईं। यह उनका साउथ डेब्यू था। तेलुगू के बाद उन्होंने तमिल, कन्नड़, मलयालम, बंगाली और हिंदी फिल्मों में भी काम किया। साउथ में वह आर्या 2, डार्लिंग, नागावल्ली, और गुंटूर टॉकीज जैसी फिल्मों का हिस्सा रही हैं। वहीं, कई फिल्मों में उन्हें सीक्वल क्वीन का टैग भी मिला, क्योंकि वह कई सीक्वल में नजर आईं। श्रद्धा ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा से साउथ और बॉलीवुड दोनों में मजबूत जगह बनाई। मॉडलिंग से शुरुआत करने वाली श्रद्धा ने एक्टिंग ट्रेनिंग पर खास ध्यान दिया। वह चुलबुली, तेज और रोमांटिक रोल्स में बखूबी जंचती हैं। श्रद्धा के बॉलीवुड में काम की बात करें तो उन्होंने डेब्यू साल 2010 में फिल्म लाहौर से किया, जिसमें उन्होंने इदा का किरदार निभाया था। इसके बाद दिल तो बच्चा है जी, लकी कबूतर, सनम तेरी कसम, ग्रेट ग्रैंड मस्ती जैसी फिल्मों में काम किया। सनम तेरी कसम में उनका किरदार दर्शकों को खासा पसंद आया। फिल्म में उनके किरदार का नाम रूबी रहता है। बॉलीवुड में वह सपोर्टिंग रोल्स में ज्यादा नजर आईं, लेकिन अपनी खूबसूरती, तेज-तर्रार अंदाज और रोमांटिक भूमिकाओं से दर्शकों के बीच प्रभाव छोड़ा। श्रद्धा दास अब तक 50 से ज्यादा फिल्मों में काम कर चुकी हैं, जो अलग-अलग भाषाओं में हैं।बेहतरीन एक्टिंग के साथ ही श्रद्धा एक शानदार डांसर भी हैं, जो उनके परफॉर्मेंस को और आकर्षक बनाता है। फिल्मों के अलावा वह वेब सीरीज और टीवी शोज में भी काम कर चुकी हैं।

## विलाया थंडावम से कार्तिक राजू का दमदार फर्स्ट लुक जारी हुआ

सशक्त कथानक और अपरंपरागत विषयों वाली पटकथाओं को चुनकर, युवा नायक कार्तिक राजू धीरे-धीरे फिल्म उद्योग में अपनी एक अलग पहचान बना रहे हैं। इसी शैली को अपनाते हुए, वे अब आगामी एक्शन से भरपूर फिल्म विलाया थंडावम में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। इस हाई वोल्टेज थ्रिलर का निर्देशन वी.एस. वासु ने किया है। इस फिल्म में कार्तिक राजू के साथ पार्वती अरुण और पुष्पा फेम जगदीश भी अहम भूमिकाओं में हैं। जीएमआर मूवी मेकर्स की यह पहली फिल्म है, जिसे मंडला धर्म राव और गुम्पु भास्कर राव द्वारा निर्मित किया जा रहा है। गौरतलब है कि दशहरा उत्सव के दौरान जारी किए गए टाइटल पोस्टर ने काफी हलचल मचाई और दर्शकों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली। बढ़ती उत्सुकता को और बढ़ाते हुए, निर्माताओं ने क्रिसमस के विशेष उपहार के रूप में फिल्म का पहला लुक पोस्टर जारी किया है। यह आकर्षक पोस्टर ऊर्जा से भरपूर है, जो ज़बरदस्त एक्शन और एक दमदार कहानी का संकेत देता है। चारों ओर आग की लपटें फैली हैं, जले हुए अवशेष बिखरे पड़े हैं, पास में एक टूटा हुआ फोटो फ्रेम पड़ा है, और नायक के हाथ पर आग की लपटें उठ रही हैं। सिर पर पट्टी बांधे और दृढ़ निश्चय से भरी निगाहों के साथ, कार्तिक राजू आक्रामक और प्रभावशाली अवतार में नज़र आते हैं, जो साहस और क्रोध से ओतप्रोत एक किरदार का वादा करते हैं। अखिल भारतीय रिलीज के लिए बनाई जा रही फिल्म विलाया थंडावम की शूटिंग तेजी से आगे बढ़ रही है और आने वाले दिनों में प्रोडक्शन टीम से और अधिक अपडेट मिलने की उम्मीद है।



## दिव्या दत्ता की सीरीज चिरैया का दमदार ट्रेलर जारी, 20 मार्च जियोहॉटस्टार पर देगी दस्तक

दिव्या दत्ता सिनेमा का वो चेहरा हैं, जो अपने अभिनय के दम पर दिल और दिमाग में छाप छोड़ जाती हैं। फिर वह कुछ ऐसा करते दिखाई देंगी, लेकिन इस बार उन्होंने भारतीय समाज के सबसे संवेदनशील मुद्दे को उठाया है। दिव्या एक ऐसी कहानी ला रही हैं जिसके जरिए समाज को यह संदेश दिया जाएगा कि शादी लाइसेंस नहीं देती है। उनकी आगामी वेब सीरीज का नाम चिरैया है जिसका दमदार ट्रेलर और रिलीज तारीख जारी हो गई है। चिरैया का ट्रेलर 1 मिनट 43 सेकंड लंबा है जिसकी शुरुआत एक आदर्श परिवार से होती है। दिव्या मुख्य किरदार में हैं, और संजय मिश्रा उनके पति की भूमिका निभा रहे हैं। ट्रेलर के जरिए बताने की कोशिश की गई है कि शादी का मतलब यह नहीं होता कि पति को अपनी




पत्नी की सहमति के खिलाफ जाकर उसके साथ जबरदस्ती करने का हक मिल जाएगा। सीरीज कई साल से चली आ रही समाज की मानसिकता पर सवाल उठाती है। शशांत शाह द्वारा निर्देशित चिरैया का निर्माण एसवीएफ एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया गया है। दिव्या और संजय के अलावा, सिद्धार्थ शॉ, सरिता जोशी, फैसल राशिद, टीनू आनंद और प्रसन्ना बिष्ट जैसे सितारे सीरीज में अलग-अलग किरदारों के साथ दिखे हैं। सीरीज में कुल 6 एपिसोड हैं जिनका प्रीमियर 20 मार्च, 2026 से जियोहॉटस्टार पर किया जाएगा।

## पैन-इंडिया एक्शन थ्रिलर फिल्म द ब्लैक गोल्ड से संयुक्ता का फर्स्ट लुक जारी, दुश्मनों से लड़ते बंदूक चलाती आई नजर

संयुक्ता न सिफ़र् अपने ग्लैमरस लुक्स और ट्रेडिशनल परफ़ॉर्मेंस के लिए जानी जाती हैं, बल्कि अपने बोल्ड और असरदार रोल्स के लिए भी जानी जाती हैं। संयुक्ता अभी द ब्लैक गोल्ड नाम की फ़िल्म में काम कर रही हैं। इंटरनेशनल विमेंस डे मनाते हुए, मेकर्स ने संयुक्ता का लुक रिलीज़ किया। उन्होंने पोस्ट किया, निडर। मज़बूत। लगातार। इस महिला दिवस पर, टीम द ब्लैक गोल्ड एक ऐसी महिला का जश्न मनाती है जो हथियारों से ज़्यादा न्याय में विश्वास करती है। संयुक्ता एक खतरनाक अवतार में अपने दुश्मनों से लड़ते हुए लगातार




बंदूक चलाती हुई दिख रही हैं। लेकिन पोस्टर के साथ एक हैरान करने वाला कैप्शन है वह कानून में विश्वास करती है, बंदूक में नहीं इससे मूवी लवर्स के बीच उत्सुकता बढ़ गई। फिल्म को योगेश केएमसी ने डायरेक्ट किया है और इसे रज़ेश डांडा ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म गर्मियों में रिलीज़ होने वाली है। सैम सीएस म्यूजिक डायरेक्टर हैं और वसंत फिल्म की सिनेमैटोग्राफी संभाल रहे हैं।

# Liquor policy case: Delhi high court says factual discrepancies cited by trial court while discharging Arvind Kejriwal seem erroneous



**New Delhi, Agency:** The Delhi HC on Monday said that a special court's observations made against witnesses and approvers in the liquor policy case while discharging ex-CM Arvind Kejriwal, Manish Sisodia, and others appear "prima facie erroneous".

Justice Swarana Kanta Sharma, admitting the CBI's revision plea, has sought responses from the 23 accused discharged in the case. The court has also stayed the special court judge's sharp criticism of the CBI's lead investigating officer in the liquor policy case.

Justice Sharma said she is "of the opinion that certain factual discrepancies pointed out in the impugned order, the observations made by the trial court regarding statements of the witnesses and the approvers, at the stage of charge itself, prima facie appear erroneous, and need consideration when viewed in the background of well-settled law on charge and conspiracy, as to whether such observations could have been made at the stage of charge itself." The HC has also summoned the trial-court records of the case and postponed the ED's money-laundering case, connected to the liquor policy case, pending before the same trial court till CBI revision plea is decided.


Posting the CBI's plea for further hearing on March 16, Justice Sharma pointed out that despite advance notice, none of the 23 persons (or their lawyers) appeared.

On the strictures passed by the special judge against CBI's lead investigator, the high court observed that "...the reasons given for passing such remarks including, concluding that the investigating officer has abused his official position to conduct unfair investigation, are prima facie foundationally misconceived, especially when made at the stage of charge itself."

Solicitor General Tushar Mehta, representing the CBI, argued that since all the accused persons were discharged and observations were also made with regard to the case filed by ED, the HC should ensure that the case filed under the provisions of PMLA, 2002 was not affected by virtue of this order.

In its 5 page order, Justice Sharma recorded the stand of CBI that the trial court ignored crucial and admissible evidence at the stage of charge itself, ignoring that it was to only take a prima facie view of evidence collected at the stage of charge, and instead conducted a full-fledged trial.

# 'Rickrolling' in board exam? CBSE Class 12 maths paper QR code 'leads' to Rick Astley song, sparks viral buzz:



**New Delhi, Agency:** A QR code reportedly printed on the Central Board of Secondary Education's (CBSE) Class 12 mathematics question paper has triggered a wave of online speculation after students claimed that scanning it led to the music video of "Never Gonna Give You Up" by British singer Rick Astley, a classic internet prank known as "rickrolling".

The mathematics board examination was held on March 9 from 10.30am to 1.30pm. Soon after the test, images of the question paper began circulating on social media, with several students alleging that the QR code printed on it redirected them to the 1987 hit song's video on YouTube.

QR codes are typically included on board exam papers for authentication and security verification. However, according to claims shared by students online, scanning the code instead opened the music video associated with the long-running internet joke in which unsuspecting users are tricked into clicking a link that leads to the song. Videos and screenshots posted 'X' quickly went viral. In one widely shared clip, a student scans the QR code from the paper and shows that it leads to the music video.

# Panel flags 'lack of cooperation' on deemed forest protection



**New Delhi, Agency:** The special empowered committee headed by retired Justice Najmi Waziri, constituted on the orders of Delhi High Court for the protection and demarcation of deemed forests, has observed in its latest meeting that "the forest department, which is supposed to carry out the entire exercise, is not aware of what it is supposed to do". The committee, in its minutes of the meeting dated Jan 7, which was released on March 5, observed that it has been almost 21 months and no report has been filed by the forest department despite 16 meetings. A committee was formed in Jan 2024 following an order of the high court, which stated on Dec 15, 2023, that the deemed and protected forest areas needed to be protected and it was the responsibility of the committee to do so. The court said the committee would ensure concrete steps were taken for the protection, preservation, reclamation and enhancement of forests (protected and deemed).

In April 2024, the court requested a retired judge of the high court to head the committee to ensure the cooperation of all departments. However, almost a year later, the forest department in July 2025 challenged the order requesting retired Justice Waziri to head this committee, in the high court, which is still sub judice.

In its latest meeting, the committee observed that forest rangers were sent to the meeting in lieu of the members of the committee, namely the chief conservator of forests and the deputy conservator of forests. The committee noted that the PWD submitted data to the forest department in June 2024, and the forest department was to verify forest area plantation along the road. "It has not done the same so far. No reason was given.... No report has been submitted despite the lapse of almost 20 months," the committee noted, as per the minutes of the meeting. It added that there has been consistent recalcitrance and non-cooperation by the forest department in the functioning of this committee.

# School dreams & family hopes, all crushed in matter of minutes



**New Delhi, Agency:** A day before a DTC bus crushed him to death on the Nangloi-Najafgarh Road, 32-year-old Ravi Kant Kumar was busy mapping out his daughter's future. Sitting with his family in their rented home in Nangloi, the transport businessman had discussed plans for his six-year-old daughter's education.

Having moved from Bihar to Delhi years ago, Ravi had worked tirelessly to establish himself after the death of his parents. "His dream was to secure enough money to move his daughter from a local playschool into a good private school. He wanted her to have the education he never had," his brother Shashi Kant told Media, standing inside the Sanjay Gandhi Memorial Hospital's mortuary.

Ravi's dream died on Monday when his Scooty was crushed by the speeding DTC bus that dragged the businessman for 100 metres. Ravi was the sole breadwinner. His family now faces an uncertain future. "We had just celebrated his daughter's sixth birthday. His wife and daughter are now left with no one," Shashi said. Among the dead was also 39-year-old Kamal Jeet, a salesman who was the backbone for his elderly parents. He was heading to work at his elder brother's company when the bus hit him. His father, Jitender, said Kamal was not just a provider, but a carer whose aspirations to earn more were driven by a sense of duty towards his ageing parents.

In another hospital, 20-year-old Ruby was admitted. She was critically injured. A sales worker and a college student enrolled in IGNOU, Ruby was the source of stability for her family. She earned a modest Rs 13,000 a month that covered the rent and other expenses that her father, an e-rickshaw driver, could not meet alone.

With 17 stitches on her head and barely able to speak, her recovery is now a race against financial ruin. Her mother, Savitri, said: "Her salary is our family's only stable income, which has now been effectively cut off."

Aman, also injured, was riding the bike on which Ruby was the pillion rider. "After the bus hit us, the bike fell on us. A car was coming from behind. I somehow managed to pull her out before she was crushed," Aman said.

Amit, a bus driver who said he was nowhere near the spot, became a target of mob vandalism that followed the accident. The injured driver lay next to Ruby in hospital. His shirt was splattered with blood. "I was not near the bus that was involved. Suddenly, an angry group dragged me out of my bus. One man hit me on the head with a helmet."

## New support centre for mothers of sick newborns at AIIMS

**New Delhi, Agency:** Mothers whose babies are admitted to the Neonatal Intensive Care Unit (NICU) at AIIMS will soon receive dedicated support under a new initiative aimed at easing the emotional and practical challenges faced during critical newborn care. The programme, called Mother's Nest, was launched through a partnership between HCLFoundation, AIIMS New Delhi and non-profit organisation Doctors For You. Under the project, mothers staying with babies admitted to the NICU will receive assistance aimed at improving their well-being and helping them cope during the stressful hospital stay.

# Amid Middle East crisis, oil companies raise domestic LPG refill waiting period from 21 to 25 days



**New Delhi, Agency:** Oil marketing companies have increased the minimum waiting period for booking a domestic LPG refill from 21 days to 25 days to prevent hoarding and artificial scarcity of cylinders.

Just last week, oil companies had increased the minimum booking period to 21 days from the earlier 15 days.

The move comes in the wake of disruptions in import of LPG from conflict-hit West Asia which passes through the Strait of Hormuz. While tapping the US, Algeria, Norway, and Canada for LPG supplies, govt on Monday issued fresh orders, asking oil refiners to ramp up production of cooking gas for domestic consumers. There are over 33.1 crore LPG consumers in country.

Officials said an average household uses six-seven domestic cooking gas cylinders of 14.2kg in a year and typically does not require a refill for nearly 50-55 days. While maintaining that oil companies have adequate stocks, officials said the move is aimed at discouraging panic booking of cylinders by consumers.

The military conflict in West Asia has impacted energy supplies. India imports nearly 90% of its crude oil, while more than 60% of LPG and over 50% of LNG requirements are met through imports, most of which come from the Gulf region.

In an order on Monday, govt asked oil refiners, including petrochemical complexes, to maximise production of C3 and C4 streams such as propane, butane, propylene and butenes being produced, recovered, fractionated or otherwise available with them, and utilise them for the LPG pool to be supplied to state-run Indian Oil, Hindustan Petroleum and Bharat Petroleum.

# Sharjeel Imam Granted 10-Day Interim Bail To Attend Brother's Wedding

**New Delhi, Agency:** A Delhi court on Monday, granted 10 days of interim bail to Sharjeel Imam, who is an accused in the 2020 Delhi riots case, to attend his brother's wedding. Additional sessions judge Sameer Bajpai granted the relief from March 20-30. He has to furnish a personal bond of Rs 50,000 with two sureties and comply with certain conditions. The relief has come months after Supreme Court in Jan refused to grant bail to Imam and co-accused Umar Khalid in the Delhi riots conspiracy case.

Imam, in jail since Jan 2020, was booked in several cases related to protests against the Citizenship Amendment Act (CAA) and the National Register of Citizens (NRC). He has secured bail in other matters, but remains incarcerated in the Delhi riots conspiracy case, in which police invoked the Unlawful Activities (Prevention) Act (UAPA).

He sought interim relief for six weeks to attend the wedding that is later this month. Ceremonies spanning about a week will be held in Bihar and Lucknow. "He was in continuous incarceration for more than five years and five months," the defence said.

Pointing to Imam as the "sole sibling of the groom", the defence said that there was no one in the family to take care of the wedding arrangements. It also added that Imam's younger brother was the "primary caregiver of their ailing mother", and that the accused wished to spend some time with her.

# With day and night temps at least 5C above normal, Delhi braces for long summer haul



**New Delhi, Agency:** Delhiites witnessed unusual early summer-like conditions, with both day and night temperatures remaining at least five degrees Celsius above normal. The city recorded the warmest morning of the season as the minimum temperature on Monday rose to 19 degrees Celsius, which is five degrees above the seasonal average. The maximum temperature remained above 35 degrees Celsius for the third consecutive day.

The day temperature is predicted to stay between 36 and 38 degrees Celsius on Wednesday. However, the Met department forecast that the day and night temperatures are likely to show a marginal dip from March 12 onwards.

The minimum temperature in the city rose by two degrees Celsius, touching 19 degrees Celsius. "As a western disturbance started impacting the western Himalayan region, it led to the formation of clouds during the early morning hours in the region, leading to an increase in the minimum temperature," said RK Jenamani, senior scientist, India Meteorological Department.

The Met department predicted that the minimum temperature is likely to remain between 18 and 20 degrees Celsius on Tuesday. It may, however, dip to around 16 to 18 degrees Celsius by March 12.

Despite overcast skies in parts of the city for some time, the maximum temperature on Monday was recorded at 35.3 degrees Celsius, seven degrees above normal. It was 35.5 degrees Celsius on Sunday and 35.7 degrees Celsius on Saturday, making it the earliest in at least 15 years that the mercury crossed the 35 degrees Celsius mark.

The day temperature is expected to show a marginal increase. It is likely to hover between 35 and 37 degrees Celsius on Tuesday and rise further to around 36 to 38 degrees Celsius on Wednesday. "Under the influence of a western disturbance, the mercury is expected to show a decline from Thursday onwards. Besides, the city is likely to record cloudy skies on March 15 and 16, leading to a dip in day temperatures," said Jenamani. The IMD predicted that the maximum temperature may dip to around 35 to 37 degrees Celsius on Thursday. It may drop further to around 34-36 degrees Celsius by March 15.

Meanwhile, Delhi's air quality remained in the poor category, with an average Air Quality Index (AQI) of 209 on Monday. It was 247 a day earlier. The air quality is likely to be in the poor category on Tuesday, but it may dip to the moderate category on Wednesday and Thursday, according to the Centre's air quality early warning system.